वर्ष- 22 अंक - 60 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, मंगलवार 11 अगस्त 2026



# भारी बारिश से हाहाकार

## मप्र में उफान पर नदियां, स्कूल बंद

मंगलवार ● एजेंसी

मध्यप्रदेश सहित देश के कई इळाकों में भारी बारिश और बाढ़ से हाहाकार मच गया। मप्र में नर्मदा सहित तमाम नदियां उफान पर आ गई जिससे बाढ़-से हालात पैदा हो गए। आज भोपाल, आगर मालवा, रायसेन में स्कूल बंद करना पड़े। मप्र के सीहोर, शाजापुर, विदिशा, मंडला, राजगढ़ जैसे कई इलाकों में भारी बारिश से हाहाकार जैसे हालात पैदा हो गए। यहां सड़कें समंदर बन गईं। बड़ी तादाद में लोग बाढ़ में फंस गए, जिन्हें बचावकर्मियों ने बचाया।

# झारखंड बंद

## विधानसभा का आज फिर घेराव

रांची ● एजेंसी

झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर छात्र पिछले 18 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार और छात्रों के बीच अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है। कल छात्रों ने विधानसभा तक मार्च किया था। आज विद्यार्थी परिषद् विधानसभा का घेराव करेगा। कल छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और बल प्रयोग के विरोध में भाजपा ने आज झारखंड बंद का ऐलान किया है। आंदोलनकारी छात्र अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात पर अड़ गए हैं। झारखंड में कल छात्रों पर हुए प्रदर्शन के विरोध में भाजपा सांसदों ने आज संसद में प्रदर्शन किया और मार्च निकाला।

## न्यूज ब्रीफ...



### तुर्की से सीक्रेट फ्लाइट लेकर भागे थे ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा का एक खुलासा हुआ है। वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप पिछले महीने तुर्की से एयरफोर्स वन के बजाय एक गुप्त सैन्य विमान से रवाना हुए थे। यह कदम ईरान से मिले हत्या के खतरे के बाद सुरक्षा के तहत उठाया गया था। पहले व्हाइट हाउस ने जानकारी दी थी कि राष्ट्रपति अपने आधिकारिक विमान से उड़ान भर रहे हैं, लेकिन वास्तव में उन्हें चकमा देने की रणनीति के तहत एक दूसरे विमान में शिफ्ट किया गया था।

# भूकम्प



## 132 की मौत 600 घायल 2000 लापता 60 इमारतें जमींदोज

मंगलवार ● एजेंसी

कोलंबिया में कल आए भीषण भूकंप से अब तक 132 मौतों की पुष्टि हुई है। जबकि करीब 600 लोग घायल हुए हैं। 2000 लोग लापता हैं जो कि जमींदोज हुई करीब 60 इमारतों के मलबे में दबे हुए हैं। भूकंप से करीब 1600 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। यहां स्टेडियम की दीवार और चर्च का टॉवर भी गिर गया। अकेले पेरेरा शहर में 60 लोग मारे गए। बड़ी तादाद में यहां उड़ानें भी रद्द हुईं।

### महाराष्ट्र में झटके

महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक घंटे के भीतर भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। दोनों झटकों की तीव्रता 3.4 रही। पहला झटका सोमवार रात 10 बजकर 04 मिनट पर आया। इसके करीब एक घंटे बाद रात 11 बजे फिर 3.4 तीव्रता का भूकंप आया।

## राम मंदिर के सीईओ के लिए आज से इंटरव्यू

**अयोध्या.एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर के लिए सीईओ का इंटरव्यू आज से शुरू हो रहा है। 5200 आवेदकों में से 18 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए चुना गया है। ये इंटरव्यू 11 और 12 अगस्त को राम मंदिर परिसर में होगा और 2 सितंबर को नए सीईओ की घोषणा की जाएगी।

## जबलपुर स्टेशन पर आग

**जबलपुर.एजेंसी।** मुख्य रेलवे स्टेशन पर आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब प्लेटफार्म नंबर-6 के पास बॉम्बे होटल की ओर बने वीआईपी गेट के नजदीक खड़े रेलवे के जीएम के आर ए कोच में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गईं कि कोच के ऊपर तक पहुंच गईं। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### बच्ची को 7 श्वानों ने नोंचा, 80 टांके आए

**पुणे.एजेंसी।** पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवाड़ में सात आवारा श्वानों ने चार साल की बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर पर 80 से ज्यादा टांके लगे हैं।

## मंगल मिलन में मोदी ने लहराया तिरंगा



**नई दिल्ली.एजेंसी।** संसद भवन लाइब्रेरी बिल्डिंग में आज मंगलवार को हुई एनडीए की मंगल मिलन बैठक में अलग ही नजारा देखने को मिला। मोदी की अगुवाई में वहां मौजूद सभी सांसदों ने तिरंगा लहराया। गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी समेत तमाम नेता तिरंगा लहराते नजर आए। इस दौरान वहां वंदे मातरम् के नारे लगाए गए।

## बलूचिस्तान आज मना रहा स्वतंत्रता दिवस

### घबराए पाकिस्तान ने किया इंटरनेट बंद

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में विद्रोही समूहों ने 11 अगस्त मंगलवार को आजादी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। बलूचिस्तान का आजादी दिवस पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस (14 अगस्त) से तीन दिन पहले आता है। इस मौके पर रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान नामक समूह ने दुनिया के बलूचिस्तान की आजादी को मान्यता देने की मांग की है। समूह ने कहा है कि लोगों को जश्न मनाने से रोकने के लिए पाकिस्तान ने इलाके में इंटरनेट और मोबाइल सेवा बंद कर दी है। बलूचों की निगरानी के लिए पाकिस्तान ने एयरफोर्स को भी लगा दिया है।

### दिल्ली में 19 आतंकियों के पोस्टर जारी

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस पर आतंकी खतरे को देखते हुए दिल्ली में हाई अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली पुलिस ने 19 आतंकियों के पोस्टर जारी किए हैं।

## सुप्रिया सुले की बेटी के रिसेप्शन में पहुंचे मोदी



**नई दिल्ली.एजेंसी।** एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले की बेटी रेवती सुले और सारंग लखानी के शादी समारोह के रिसेप्शन में मोदी पहुंचे। यहां वह शरद पवार के साथ बैठे और उनसे बातचीत करते नजर आए। खास बात यह रही कि इस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी समेत कई बड़े राजनीतिक चेहरे भी पहुंचे।



# मंत्री ने लिया आचार्य का आशीर्वाद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने केशरी वाटिका बिजासन रोड पहुंचकर वहां चातुर्मास के लिए विराजित आचार्य नित्यसेनसूरिश्वर म.सा. के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# महापौर ने किया मेडिकल उपकरण का वितरण

## 22 झोनों पर नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा रहेगी उपलब्ध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सफाई मित्र सुरक्षित शहर–स्वास्थ्य कियोस्क की पहल के अन्तर्गत सभी 22 जोन कार्यालयों में नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए महापौर ने कियोस्क हेतु मेडिकल उपकरण का वितरण किया। महापौर ने कहा कि हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य और शिक्षा की चिंता करना हमारी जिम्मेदारी है, इसलिए कार्यस्थल पर ही स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। सीएसआई को बीपी मशीन, ब्लड शुगर मशीन एवं फर्स्ट एड किट वितरित किया और सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। महापौर ने सिटी बस ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम के समस्त जोनल कार्यालयों में कर्मचारियों की सुरक्षा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित क्षेत्रीय सीएसआई एवं जोन कोऑर्डिनेटर्स को बीपी मशीन, ब्लड शुगर जांच मशीन एवं फर्स्ट एड किट वितरित किए गए। साथ ही कार्य के दौरान किसी कर्मचारी को आपात स्थिति उत्पन्न होने पर प्राथमिक उपचार देने एवं सीपीआर करने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। पार्षद रुपाली पेंढारकर, कंचन गिदवानी, राजीव जैन, अश्विनी शुक्ला, भारत रघुवंशी, अधिकारी प्रखर सिंह मौजूद थे।







# विहिप बजरंग दल लगाएगा 100 'अशोक वाटिका'

## अशोक सिंघल की जन्मशताब्दी पर मालवा प्रांत में होगा आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अशोक सिंघल के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर विहिप और बजरंग दल द्वारा संपूर्ण मालवा प्रांत में 100 'अशोक वाटिकाएं' स्थापित करने का महासंकल्प लिया गया है। इस पर्यावरण एवं सांस्कृतिक अभियान का औपचारिक शुभारंभ इंदौर विभाग के रामेश्वरम जिले में स्थित श्री देववाणी वेद विद्यापीठ (केसर बाग रोड) से किया गया। इस दौरान वेद पाठशाला परिसर में 100 अशोक के पौधे रोपकर पहली 'अशोक वाटिका' की नींव रखी गई।मिलिंद परांडे ने सिंघल के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रफुल्ल केतकर, खगेन्द्र भार्गव, मालासिंह ठाकुर, पुरुषोत्तदाम पसारी, अनूज पांडे, अनिल पाटिल, यज्ञेश राठी सहित अन्य मौजूद थे।

# भार्गव का किया कार्यकाल पर सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राठौर क्रांति परिवार द्वारा निगम परिषद और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के चार वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान कर अभिनंदन पत्र भेंट किया। मनोज राठौर, हरीश राठौर, धर्मेंद्र राठौर, चेतन राठौर, समरथलाल राठौर,संजु मित्र, गोविन्द राठौर मौजूद थे।





# पालकी यात्रा में मौजूद रहे भाजपाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सावन में भोले बाबा की भक्ति में श्रमिक क्षेत्र में पालकी यात्रा निकाली गई। आयोजक महेन्द्र मुरादिया ने बताया कि इस यात्रा में विधायक महेंद्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पाहड़िया,स्वप्निल कोठारी, रघु यादव, अंकित यादव गब्बू,यशवंत काशीद, योगेश ठाकुर, लच्छू मिमरोट,बंटी भोरुडे, सोनू काशिद सहित अन्य मौजूद थे।



# पूर्व विधायक रहे जलाभिषेक कांवड़ यात्रा में मौजूद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विद्याधाम मंदिर से भूतेश्वर महादेव मंदिर तक बैंड बाजे,ढोल नगाड़े,भजन मंडली के साथ मातृशक्तियों द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, नागेन्द्रसिंह चौहान सहित अन्य ने भी यात्रा में शिरकत की।

# भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने ली तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक

## सभी मोर्चा पदाधिकारी रहे मौजूद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा की अगस्त क्रांति कार्यक्रम को लेकर तिरंगा यात्रा का आयोजन 13 अगस्त को किया जाना है। इस यात्रा को लेकर भाजपा ने अपने प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह की मौजूदगी में बैठक बुलाई। इस बैठक में महिला मोर्चा, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता जनप्रतिनिधि भी भाजपा कार्यालय पर बैठक में मौजूद थे। प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह ने सभी मीडिया प्रभारी और पैनालिस्ट से भी सीधा संवाद किया। महेन्द्र सिंह, सुमित मिश्रा, विधायक महेन्द्र हार्डिया, सुदर्शन गुप्ता, आलोक दुबे, देवेन्द्र शर्मा, भूपेंद्रसिंह केसरी, नितिन शर्मा, वरुण पाल, जेपी मूलचंदानी, वैभव शुक्ला, सचिन बघेल, कमल वर्मा, विवेक सिन्हा, नितिन द्विवेदी, प्रेम व्यास, सुधीर कोल्हे, शैलजा मिश्रा, कैलाश पिपले, महेश कुकरेजा, राकेश शर्मा, वासुदेव पाटीदार, दीप्ति हाडा, नेहा शर्मा, नारायण पालीवाल, सचिन बंसल, विशाल यादव, हेमराज वाडिया, रानू गर्ग, गोविंद पंवार, रितेश शर्मा, दीपांश खण्डेलवाल, राजा कोठारी सहित मंडल अध्यक्ष एवं अभियान टोली सदस्य उपस्थित थे।



# कांग्रेसी पहुंचे पुलिस कमिश्नर कार्यालय

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव और ब्लॉक अध्यक्ष शैलू सेन के नेतृत्व में कांग्रेसी कल मुद्दों को आधार बनाकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल, डीजीपी भोपाल के नाम पुलिस आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। मुख्य मुद्दा यही था कि गांधी भवन पर जो हमला किया गया था उसमें भाजपाइयों पर नामजद मामला दर्ज किया जाए। साथ ही कांग्रेसियों पर जो झूठे मुकदमे लगे हैं वह वापस लिए जाए। पुलिस ने गांधी भवन पर हमला मामले में 22 कांग्रेसियों पर नामजद प्रकरण दर्ज किए थे, जबकि घटना वाले दिन 5 कांग्रेस नेता गांधी भवन और नीचे मौजूद ही नहीं थे और जो भाजपा नेता वीडियो फुटेज में दिख रहे हैं उन पर नामदर्ज प्रकरण दर्ज किए जाए। इस मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए और उनकी विभागीय जांच भी की जाए। कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट को भी थाना पर बेवजह बैठाया गया, इस मामले में भी जांच हो। नितिश भारद्वाज, राहुल धाकरे, दानिश खान, कमलेश पाठक, विशाल चतुर्वेदी, निर्मल मलोरिया, राधे बौरासी, मूलचंद राठौर, संजीव सेठ, रायमुनी भगत, कृष्णा विश्वकर्मा, लवेश यादव, अख्तर जावेद, यशपाल गेहलोत, आलिम शेख, शेख सलीम, कपिल जारवाल, राधेश्याम चौहान, जितेंद्र पाटिल, बरकत खान, नौशाद अली, मथुरा सागर, उस्मान मुल्तानी, शाहरुख खान, रोहित जोशी, लक्ष्मण खत्री, रविकांत सैनी, महेंद्रसिंह यादव कमल किशोर बघेल विभाष शर्मा मौजूद थे।



# कांग्रेस की आज भोपाल में पोलिटिकल अफेयर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक

## इंदौर पुलिस का मुद्दा भी आज उठेगा, एक माह के आन्दोलन की रणनीति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और पोलिटिकल अफेयर कमेटी के सदस्यों, मोर्चा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में आज भोपाल में महत्वपूर्ण बैठक पोलिटिकल अफेयर कमेटी की की जा रही है।**

इस बैठक में बुलाया तो कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को भी था, लेकिन दिग्विजय सिंह विदेश में हैं और कमलनाथ बीमार है इसलिए कमलनाथ की जगह इस बैठक में नकुलनाथ शामिल हो रहे हैं। बैठक के लिए अधिकांश नेताओं का कल से ही भोपाल पहुंचना शुरू हो गया था। कांग्रेस के प्रथम दौर के संगठन सृजन अभियान के बाद अब दूसरे दौर का अभियान भी कांग्रेस शुरू कर रही है। आज की बैठक में आगामी एक माह तक के मुद्दों पर चर्चा कर कई धरना, प्रदर्शन, विरोध आयोजन की रणनीति भी कांग्रेस बना रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस की पोलिटिकल अफेयर कमेटी में इंदौर का मुद्दा भी उठेगा, जिसमें पुलिस द्वारा कांग्रेस नेताओं और उनके परिजनों को परेशान करने का मामला भी है। जीतू पटवारी के परिजनों को विगत एक माह से लगातार पुलिस प्रकरण में उलझाने के लिए बुला रही है, बयान ले रही है। इधर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को भी पंढरीनाथ पुलिस ने करीब 7 घंटा थाना पर बयान के लिए बैठाए रखा। वहीं निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट और उनके भाई को भी पुलिस ने थाना पर रोका था। एक माह का कैलेण्डर आज कांग्रेस तैयार करेगी। पहले दौर में विधानसभा स्तर से लेकर ब्लॉक और मंडलम से लेकर बूथ की रणनीति कांग्रेस ने तैयार की थी। पहले दौर में जिला और शहर अध्यक्षों की नियुक्तियां उसी आधार पर पदाधिकारियों की नियुक्तियां भी की गई थी। अब कांग्रेस का एक माह का कैलेण्डर आज तैयार होगा, जिसकी जानकारियां कल से शहर-जिला कांग्रेस अध्यक्षों को देना शुरू की जाएगी और उसी आधार पर अब धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन, बैठक, नियुक्तियों के दौर चलेंगे।

# अश्विन जोशी की धर्मपत्नी जारी रखेगी परम्परा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्व विधायक अश्विन जोशी के निधन के बाद अब उनके सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व को निभाने उनकी धर्मपत्नी मनप्रीत जोशी आगे आई है।राष्ट्रप्रेम की बने मिसाल,15 अगस्त मनाएँ जैसे नया साल की परम्परा को 49 साल हो चुके है। यह परम्परा अश्विन जोशी निभाते आए थे अब वे नहीं है तो यह दायित्व उनकी पत्नी मनप्रीत जोशी ने बीड़ा के रूप में उठाया है। इस 50वें वर्ष में संस्था जन चेतना अभियान द्वारा भारत सरकार के 'झंडा ऊँचा रहे अभियान' के तहत राजवाड़ा पर यह आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव श्री अश्विन जोशी जी की पावन स्मृति, उनके अटूट राष्ट्रप्रेम और भारतीय संस्कृति के प्रति उनके गहरे लगाव को समर्पित है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर यह आयोजन मनप्रतीत जोशी संस्था जनचेतना अभियान का नेतृत्व करते हुए करेंगी। राजबाडा चौक पर 14 अगस्त की रात्रि 8 बजे से राष्ट्र शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# दरगाह के पीछे हो रहे बोरिंग को रुकवाने पहुंचे भाजपा नेता बगैर स्वीकृति के सिलावटपुरा में काम पर गाड़ी पहुंचाई थाना



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के दरगाह चौराहा स्थित दरगाह के पीछे बीच सड़क पर कल रात बोरिंग किया जा रहा था। इसकी जानकारी अरुण गर्ग और सोनू गंभीर ने पार्षद पति भाजपा नेता रामबाबू राठौर को दी, तत्काल रामबाबू अपने साथियों के साथ दरगाह के पीछे पहुंच गए और उन्होंने तत्काल हिन्द रक्षक संगठन के संयोजक एकलव्यसिंह गौड़ को जानकारी दी, तत्काल भाजपाइयों ने थाना पर जानकारी दी। उसके पहले जब भाजपाई यहां पहुंचे तो वर्ग विशेष के कई लोग एकत्रित होकर विरोध जताने लगे थे।**

इधर भाजपा नेताओं के साथ स्थानीय लोग भी आकर खड़े हो गए थे, जिससे



तनाव की स्थिति भी निर्मित हो गई थी। तत्काल छत्रीपुरा पुलिस भी यहां पहुंची और उन्होंने भीड़ को हटाया और बगैर स्वीकृति के हो रहे बोरिंग की गाड़ी जब्त की।

# भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ में एक भी इन्दौरी नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक किशनसिंह भटोल ने कल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की स्वीकृति से सहसंयोजक और सदस्य सहित 11 भाजपा नेताओं की नियुक्तियां की। इन 11 नियुक्तियों में इन्दौर के भाजपा नेताओं में किसी को भी जगह नहीं मिली है। ज्यादा प्रकोष्ठों की नियुक्तियों में कहीं न कहीं इंदौरी का नाम दिखाई नहीं दे रहा है। यहां तक कि सहकारिता प्रकोष्ठ की कोर्ट टीम भी 8 लोगों की बनाई गई। इन 8 लोगों की स्वीकृत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने दी लेकिन उन 8 में भी किसी भी इंदौरी नेता का नाम नहीं है। सहकारिता प्रकोष्ठ में इन्दौर नगर के साथ जिला को अनदेखा किया गया है।

# मंत्री पटेल का आगमन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्रसिंह शिवाजी पटेल आज इंदौर प्रवास पर है। आज वे दोपहर 3.30 बजे इंदौर पहुंचेंगे और खंडवा रोड स्थित हास्पिटल के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और शाम 5.30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कांग्रेस संगठन मंत्री का हुआ स्वागत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जिला कांग्रेस के संगठन महामंत्री दौलत पटेल का कल जन्मदिन था और बड़ा समय उनका खंडवा रोड स्थित कार्यालय पर साथियों के साथ निकला। उनका कई कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया।

## कर्मचारी संगठनों ने किया प्रदर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मजदूर किसान आदिवासी कर्मचारी संगठनों द्वारा संभाग आयुक्त कार्यालय पर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अरुण चौहान, श्यामसुंदर यादव, कैलाश लिम्बोदिया, रुद्रपाल यादव, रामस्वरूप मंत्री, सीएल सर्रावत, ओमप्रकाश खटके, लक्ष्मीनारायण पाठक, हरिओम सूर्यवंशी, सोनू शर्मा, कविता सोलंकी, गजानन्द नीमगांवकर, रामदेव शायडीवाल, रामकली देवी, राहुल निहोरे, मनीष ठक्कर, लक्ष्मण वर्मा, काशीराम नायक, चुन्नी भूरिया, किरण चौहान, देवकरण कोहली, सीताराम अहीरवाल, भारत सिंह कटारे, समंदर सिंह औसारी, ममता बाई बामनिया, मदन सिंह तोमर सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस के छोटे से छोटे कार्यकर्ता की भी जिम्मेदारी रहेगी तय

## दिल्ली आलाकमान के निर्देश पर प्रदेश प्रभारी ने जारी किया पत्र

### ब्लॉक, मंडलम स्तर पर कार्य विभाजन होकर कार्य क्षेत्र तय किया जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दिल्ली कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी को प्रदेश के साथ सभी जिला-शहर अध्यक्ष और पदाधिकारियों को निर्देशित करवाया कि संगठन सृजन की प्रक्रिया को प्रभावी और जवाबदेही बनाने के लिए विधानसभा प्रभारी से लेकर ब्लॉक, मंडलम पदाधिकारियों तक की जिम्मेदारी तय हो। सारी कमेटियों के पदाधिकारी जल्द से जल्द बन जाए और उनका स्पष्ट कार्यविभाजन भी कर दिया जाए। ब्लॉक, मंडलम के प्रत्येक पदाधिकारी को स्पष्ट जिम्मेदारी दी जाए, उनका कार्य क्षेत्र भी तय कर जिम्मेदारी सौंपी जाए और जो वे काम कर रहे हैं उनका लेखा-जोखा भी लिया जाए। महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई भी पदाधिकारी बिना स्पष्ट कार्य और जिम्मेदारी के ना रहे, हर पदाधिकारी के कार्य की नियमित समीक्षा हो। एक और दिशा निर्देश भी दिए गए हैं कि 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से जिला, ब्लॉक और मंडलम स्तर की सम्पूर्ण पदाधिकारी तय कर कार्य विभाजन भी किया जाए और उसकी सूची प्रदेश के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस को भी भेजी जाए। साथ ही स्पष्ट निर्देश यह भी दिए गए हैं कि 10 सितम्बर की समय सीमा में अगर शहर और जिला कांग्रेस इकाई कार्य पूर्ण नहीं करती है या कार्य विभाजन नहीं किया जाता है और जिम्मेदारी का निर्धारण भी नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में संबंधित अध्यक्ष से कारण भी पूछे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पहली बार कांग्रेस में नीचले स्तर तक जवाबदारी तय होने के बाद उनका लेखा-जोखा और हिसाब-किताब भी मांगा जा रहा है, यह निर्देश कल कांग्रेस के पास हरीश चौधरी ने भिजवाए, इधर आज भोपाल में कांग्रेस अफेयर कमेटी की बैठक हरीश चौधरी, जीतू पटवारी ले रहे हैं, जिसमें भी अगले एक माह के काम का कलेंडर बनाया जाएगा, जिसमें धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन सभी शामिल होंगे।

# कावड़ यात्रा में मौजूद रही भाजपाई टोली



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वीर शिवाजी ग्रुप के योगेश ठाकुर ने महाकाल मंदिर मालवा मिल से कावड़ यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा केवड़ेश्वर मंदिर पहुंची, यात्रा में विधायक महेन्द्र हार्डिया, ओबीसी मोर्चा के रघु यादव, दीपक जैन टीनू, नन्दकिशोर पहाड़िया, आनन्द पोरवाल, मुकेश राजावत, पप्पी शर्मा, सतीश देवांक सहित अन्य मौजूद थे।

# छावनी की आधी सड़क को यातायात के लिए खोलने पर विचार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा छावनी की आधी सड़क को यातायात के लिए खोलने पर विचार किया जा रहा है। इस सड़क को अंतिम छोर यानी कि जगन्नाथ धर्मशाला की तरफ से भी बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।**

केंद्र सरकार के द्वारा 465 करोड रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने पर नगर निगम के द्वारा मास्टर प्लान में प्रावधान की गई 23 सड़कों का निर्माण करने का फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत कई सड़कों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इन मास्टर प्लान की सड़कों में मधु मिलन टॉकीज चौराहा से छावनी की जगन्नाथ धर्मशाला तक की सड़क भी शामिल है। इस सड़क का निर्माण करने के लिए नगर निगम के द्वारा बड़ी संख्या में मकान के हिस्से तोड़े गए। इसके बाद खाली हुए स्थान पर सड़क का निर्माण शुरू किया गया। इस समय मधु मिलन

**अब जगन्नाथ धर्मशाला की तरफ से भी शुरू किया सड़क का निर्माण**

चौराहा से लेकर मथुरा वाला की दुकान तक के क्षेत्र में सड़क के निर्माण का कार्य तेज गति के साथ चल रहा है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि मधु मिलन चौराहा से लेकर लक्ष्मी नारायण दूध वाले की दुकान तक के क्षेत्र में सड़क के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। यहां पर बीच में 7 मीटर चौड़ी सड़क बना दी गई है। अब काम लक्ष्मी नारायण दूध वाले की दुकान के आगे से लेकर मथुरा वाला की दुकान के चौराहे तक के क्षेत्र में चल रहा है। इसके साथ ही छावनी चौराहे के क्षेत्र को छोड़कर दूसरी तरफ जगन्नाथ धर्मशाला तक के क्षेत्र में सड़क के निर्माण के लिए खुदाई शुरू कर दी गई है। इस क्षेत्र में यातायात का दबाव ज्यादा होने और सड़क निर्माण के कारण पूरा रास्ता बंद होने के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस परेशानी को देखते हुए नगर निगम के द्वारा इस बात पर विचार किया जा रहा है कि मधु मिलन चौराहा से लेकर लक्ष्मी नारायण दूध वाले की दुकान तक के क्षेत्र को यातायात के लिए खोल दिया जाए। इस दूध की दुकान के पास में से जो सड़क जावरा कंपाउंड की तरफ जाती है वहां से वाहनों का आना-जाना शुरू कर दिया जाए। इस बारे में कोई अंतिम फैसला लेने से पहले नगर निगम के द्वारा इस सड़क के निर्माण को अंजाम दे रहे ठेकेदार से चर्चा की जाएगी। यदि ठेकेदार सहमत होता है तो नगर निगम अगले एक सप्ताह के दौरान इस क्षेत्र को यातायात के लिए खोल देगा।

# महापौर परिषद की बैठक 13 को

**100000 से कम के चेक पर लगाई गई रोक पर होगी चर्चा**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम की महापौर परिषद की बैठक 13 अगस्त को आयोजित की गई है। इस बैठक में निगम के राजस्व विभाग के द्वारा 100000 से काम के टैक्स बकाया पर चेक से भुगतान पर लगाई गई रोक पर भी चर्चा होगी।**

महापौर परिषद की बैठक 13 अगस्त को आयोजित की जा रही है। इस बैठक को रखने के प्रस्ताव पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा अपनी सहमति दे दी गई है। इस बैठक के लिए कार्य सूची तैयार करने का काम शुरू हो गया है। आज शाम तक बैठक की आधिकारिक सूचना जारी कर दी जाएगी। इसके साथ ही कार्य सूची भी जारी हो जाएगी। निगम के राजस्व विभाग के द्वारा हाल ही में 100000 से कम बकाया टैक्स को चेक से जमा करने पर रोक लगा दी गई है। इस मुद्दे पर इस बैठक में चर्चा की जाएगी। निगम के अधिकारियों के द्वारा जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बगैर इस तरह का फैसला लिया गया है।

इस बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव को भी मंजूरी के लिए रखा जाएगा। इसके साथ ही निगम के राजस्व विभाग के द्वारा कई स्थानों पर नए जयंती बनाने का प्रस्ताव भी मंजूरी के लिए रखा जाएगा। शहर में 22 चौराहों पर निजी क्षेत्र की सहभागिता से ट्रैफिक सिग्नल लगाने क्या प्रस्ताव को भी मंजूरी के लिए भेजा गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार सिग्नल लगाने वाली फॉर्म के द्वारा सिग्नल पर विज्ञापन लगाकर अपने खर्च को निकाला जाएगा और कमाई की जाएगी।

नगर निगम की वर्तमान परिषद के कार्यकाल के चार वर्ष होने के मौके पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के बारे में भी इस बैठक में बातचीत की जाएगी। नगर निगम के द्वारा 16 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित किया जा रहे कार्यक्रम पर भी इस बैठक में चर्चा होगी।




# हादसे को न्यौता... बेखौफ दौड़ती ओव्हर लोडेड वैन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर में लोडिंग वाहन तो ओव्हर लोडेड चलते हुए नजर आते ही है लेकिन पैसेंजर वाहन भी लोडिंग के लिए आसानी से उपयोग किए जा रहे हैं। ऐसा ही नजारा शहर की सड़क पर नजर आया। वैन क्रमांक एमपी 09 बीडी 7681 वैन के ऊपर प्लास्टिक के कई कैरेट्स रखे हुए है। इससे हादसे का डर बना हुआ है। बेखौफ वैन शहर की सड़क पर दौड़ती हुई नजर आई और जिम्मेदारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।




# युवा माहेश्वरियों ने किया पौधारोपण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माहेश्वरी समाज युवा संगठन से जुड़े युवा माहेश्वरियों ने महेश वन पितृ पर्वत पर पहुंचकर अपने अध्यक्ष राम सोमानी के नेतृत्व में पौधारोपण किया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आह्वान पर माहेश्वरी युवाओं ने भी अपनी भूमिका निभाई। माहेश्वरी युवाओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय से मुलाकात भी की। राम सोमानी, गोपाल सिंगी, विशाल माहेश्वरी, राहुल काबरा, आदर्श चितलांग्या, चिराग माहेश्वरी, सर्वेश गट्टानी, पीयूष जाखेटिया, नितेश मंत्री, विजय माहेश्वरी, केशव नवाल, अविनाश मोदानी सहित अन्य मौजूद थे।

# सोमवार को दिन भर में भी नहीं बरसा आधा इंच पानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**सावन के महीने के दूसरे सोमवार के दिन कल भी इंदौर में कोई जोरदार बारिश नहीं हो सकी। दिन में थोड़ा-थोड़ा कर आधा इंच पानी भी नहीं बरस सका। भोपाल में तो इतनी बारिश हो गई है कि वहां पर बाढ़ आ गई है लेकिन इंदौर अभी भी पानी के लिए तरसता हुआ नजर आ रहा है।**

सावन महीने के दूसरे सोमवार पर इंदौर में सुबह से पानी का मौसम बन गया था। सभी को उम्मीद थी कि अब आज के दिन तो पानी आएगा और खूब जोरदार आएगा। ऐसा पानी इंदौर में तो नहीं आया लेकिन हां भोपाल और मंडला में जरूर आ गया। वहां पर इतना पानी बरस गया कि आज स्कूल की छुट्टी करना पड़ी है। इंदौर में नागरिक बारिश का इंतजार ही करते रहे।

**भोपाल में इतनी बारिश हुई की बाढ़ आ गई और इंदौर तरस रहा है**

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार की सुबह 8:30 बजे से लेकर मंगलवार की सुबह 8:30 बजे तक की अवधि में कुल जमा 10.4 मिलीमीटर बारिश हुई है। यह बारिश आधा इंच भी नहीं हुई है। आज सुबह भी 8:30 बजे से लेकर 10:30 तक की अवधि में शहर में आसमान पर बादल मंडराए हुए थे। इस समय पर कुछ देर के लिए तेज बारिश भी हुई। जब तेज बारिश हो रही थी तो ऐसा लग रहा था कि कल जैसा भोपाल में पानी बरसा है वैसा आज इंदौर में बरस जाएगा। लेकिन यह पानी तो थोड़ी देर बरसाने के बाद ही बंद हो गया। आज को लेकर मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि दिनभर बारिश का मौसम तो बना रहेगा लेकिन कोई बहुत जोरदार बारिश इंदौर में होने की संभावना नजर नहीं आती है। इंदौर में रुक-रुक कर थोड़ी बहुत बारिश होने की संभावना जताई गई है। इससे स्पष्ट है कि अभी इंदौर को तेज और जोरदार पानी के लिए और इंतजार करना पड़ेगा।

## कोई भी तालाब नहीं भराया

इंदौर में अभी तक केवल 16 इंच के करीब बारिश हुई है। इतनी कम बारिश होने के कारण इंदौर का एक भी ताला पानी से नहीं भर पाया है। अभी भी तालाबों का आधे से ज्यादा हिस्सा पानी के इंतजार में है। मौसम विभाग के विशेषज्ञ से जब इस बारे में चर्चा की गई तो वह यह बताने की स्थिति में नहीं है कि अगले कुछ दिनों में इंदौर में कितनी बारिश हो सकेगी या इंदौर के तालाब कब पानी से लबालब भर जाएंगे।

# सत्य सांई स्कूल चौराहा की पार्किंग को ठेके पर देने का टेंडर आज खुलेगा

**तीन एजेंसी इस पार्किंग को चलाने के लिए हुई तैयार**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के यातायात विभाग के अधिकारियों के द्वारा सत्य साइन स्कूल चौराहा की पार्किंग को ठेके पर देने के लिए बुलाया गया टेंडर को आज खोला जाएगा। तीन एजेंसी सामने आई है जो कि इस पार्किंग का संचालन करने के लिए तैयार हो गई है।**

नगर निगम की ओर से सारे शहर में बनाए गए बहु मंजिला पार्किंग को ठेके पर संचालन और संचालन के लिए देने की पहल की जा रही है। इस पहल के तहत अब पुराने आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सत्य सांई चौराहा के पास में स्थित बहु मंजिला पार्किंग को भी ठेके पर देने के लिए निगम के द्वारा टेंडर जारी किए गए थे। निगम के अधिकारियों ने बताया कि तीन एजेंसियों के द्वारा इस पार्किंग का संचालन संधारण का कार्य अपने हाथ में लेने के लिए रुचि का प्रदर्शन किया गया है। इन सभी एजेंसी के द्वारा निगम के टेंडर के जवाब में अपना प्रस्ताव दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि स्टैंडर्ड की तकनीकी बीट की समीक्षा का कार्य हो गया है। तकनीकी रूप से यह तीनों कंपनी सही और फिट पाई गई है। ऐसे में अब इन कंपनियों के द्वारा दिए गए आर्थिक प्रस्ताव पर विचार किया जाना है इसमें जिस कंपनी के द्वारा नगर निगम को ज्यादा राशि देने का प्रावधान किया जाएगा उस कंपनी को ही निगम के द्वारा यह पार्किंग स्थल देने का काम किया जाएगा। निगम के अधिकारियों के द्वारा आज दोपहर में इन कंपनियों के वित्तीय ऑफर खोलने का काम किया जाएगा। निगम के जन कार्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि निगम अपने बलबूते पर इन पार्किंग का संचालन नहीं कर सकता है। ऐसे में पार्किंग के निर्माण के बाद नागरिकों को बराबर सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए जरूरी है कि इन पार्किंग को संचालन के लिए ठेके पर दिया जाए। इसी भावना के तहत इन पार्किंग के संचालन ठेके के टेंडर जारी किए गए थे। जब पार्किंग बना हुआ है और उस सुविधा का लाभ भी लोगों को नहीं मिल सके तो फिर ऐसे निर्माण का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा।

# सीताराम डाक कावड़ यात्रा 2100 किलोमीटर की होगी

## इंदौर से निकले श्रद्धालु, चार दिन बाद रामेश्वरम से होगी शुरू

### 171 घंटे की नॉन स्टॉप धार्मिक यात्रा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

अरण्य धाम संत आश्रम स्कीम नं. 78 इंदौर से जुड़े महामंडलेश्वर रामजी बाबा ने बताया कि कल आश्रम से संतों के सानिध्य में श्रद्धालुओं का काफिला रामेश्वरम के लिए मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुति देने के बाद रवाना हुआ। श्रद्धालुओं की मौजूदगी में यह सीताराम डाक कावड़ यात्रा से जुड़े श्रद्धालु रामेश्वरम से 15 अगस्त को लगातार 171 घंटे की नॉन स्टॉप कावड़ यात्रा करेंगे। रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग से इंदौर तक करीब 2100 किलोमीटर की दूरी दौड़ते हुए तय करेंगे। 24 घंटे नॉन स्टॉप यह यात्रा जल साथ लेकर जारी रहेगी। 30 से अधिक चार पहिया वाहन के काफिले में 400 से अधिक श्रद्धालु भक्त कल रामेश्वरम के लिए रवाना हुए। इस कावड़ यात्रा की विशेषता यह है कि कोई भी धावक पूरे समय दौड़ में शामिल नहीं होगा। कावड़ यात्री बारी-बारी से जिम्मेदारी संभालेंगे। 150 से 200 मीटर की दौड़ दौड़कर धावक कावड़ अन्य को सौंपेंगे और 24 घंटे कावड़ यात्री आगे बढ़ेंगे। इंदौर के अलावा बाहर से भी श्रद्धालु शामिल हुए हैं। राजस्थान के टोंक से भी 150 श्रद्धालु रामेश्वरम पहुंच रहे हैं। यह यात्रा 2015 से जारी है।



### राजराजेश्वरी कावड़ यात्रा निकलेगी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** कल्याण सेवा संघ के तत्वाधान में 16 अगस्त रविवार को हनुमान मंदिर पालदा से राजराजेश्वरी कावड़ यात्रा सावन मास में भगवान भोले की भक्ति में निकाली जाएगी। 2100 श्रद्धालु कावड़ लेकर चलेंगे। यह यात्रा पालदा से मनकामनेश्वर महादेव मंदिर अग्रसेन चौराहा पहुंचेगी। आयोजन से ललित यादव, सुनील पुरोहित जुड़े हुए हैं। कई राजनेता भी यात्रा के लिए आमंत्रित किए गए हैं।



### बाबा बर्फानी का 51 किलो बर्फ से श्रृंगार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर कल सावन के दूसरे सोमवार पर बाबा बर्फानी अमरनाथ का 51 किलो बर्फ से दिव्य और मनोहारी श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। संजय मंगल ने मंदिर में विशेष श्रृंगार करवाया। टीकमचंद गर्ग, बीके गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।

### भगवान महामृत्युंजय का मनोहारी रूप

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** निपानिया, अमृत पैलेस कॉलोनी स्थित शहर के इकलौते महामृत्युंजय शिव मंदिर पर श्रावण के दूसरे सोमवार को भगवान महामृत्युंजय का मनोहारी श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने समाजसेवी किशोर-रेखा गोयल, अमृत गोयल, अंकित गोयल, अशोक जोशी, नवरत्न बैराठी, सत्येन्द्र पाठक, शैली गोयल, मनीषा फायके, टीना पाटीदार सहित अनेक भक्तों के साथ पूजा अर्चना की और भगवान के अभिषेक में भागीदारी की।





### भोलेनाथ का गोवर्धनधारी कृष्ण श्रृंगार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महू के राजमोहल्ला स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भगवान का मोरपंखी द्वार के अलावा गोवर्धनधारी कृष्ण के रूप में श्रृंगार किया और झांकी भी सजाई। श्रद्धालुओं ने कहा कि वृंदावनधाम राजमोहल्ला महू में उतर आया है। उक्त जानकारी रामकिशोर शर्मा ने दी।

### न्याय नगर के रहवासियों ने किए श्रृंगारित दर्शन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सावन के दूसरे सोमवार पर कल महादेव मंदिर न्याय नगर उद्यान में भगवान का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे निहारने बड़ी संख्या में रहवासी श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से अभिषेक, पूजन किया गया और शाम को मातृशक्तियों ने भजन कर महाआरती की और प्रसादी का आयोजन भी हुआ। कविता पचौरी, पायल मलूकानी, कल्पना पांडे, डॉ. देवेंद्र भाटी का विशेष सहयोग रहा।



### सराफेश्वर महादेव की शाही सवारी में सोना-चांदी व्यापारी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सराफेश्वर महादेव की शाही सवारी कल शाम सराफा बाजार स्थित मंदिर से इंदौर चांदी सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के तत्वाधान में निकाली गई। व्यापारिक क्षेत्रों में निकली इस यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। हुकुम सोनी, सुशील गुप्ता, बसंत सोनी, डॉ. संतोष वाधवानी, राम सोनी सहित अन्य मौजूद थे।**





### माँ बगलामुखी को अर्पण की चुनरी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 4 से जुड़े भाजपाइयों और श्रद्धालुओं के लिए माँ बगलामुखी की यात्रा का आयोजन विधायक मालिनी गौड़ और एकलव्यसिंह गौड़ के मार्गदर्शन में किया गया। यात्रियों को रवाना करने में पवन पाटीदार, शिवसिंह गौड़, विवेकसिंह गौड़, प्रकाश राठौर, गुरजीत कोर खनुजा, रघु यादव, राजेश तोमर, दिलीप बड़वाया सहित अन्य मौजूद थे। इंदु श्रीवास्तव, आशा खोडे, किरण बुंदेला, आशा भाटिया, रोशनी मौर्या, मीना मानधन्या, मीना पांडेय, रमा इंगले, लखन देपाले, शंकर वर्मा, राजेन्द्र गोयल, मनीष यादव, तरुण यादव, छोटू यादव, सचिन यादव, राज मालवीय, अंशुल चौधरी, विनोद कदम, आकाश निहाले, गोलू गंधारे, धर्मेन्द्र कुवाल सहित अन्य यात्रा से जुड़े रहे।

### बिल्वपत्रेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सावन माह के दूसरे सोमवार को इंदौर प्रेस क्लब परिसर स्थित बिल्वपत्रेश्वर महादेव मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिर को फूलों और बेलपत्र से सजाया गया। दीपक कर्दम, संजय त्रिपाठी, प्रदीप जोशी, अरविन्द तिवारी, अभिषेक चेंडके, मुकेश तिवारी, अभय तिवारी, श्याम कामले, विजय भट्ट, अभिषेक रघुवंशी, राजीव उपाध्याय, विपिन नीमा, राहुल वावीकर, डॉ. अर्पण जैन, प्रवीण बरनाले, राजेंद्र कोपरगांवकर, नितिन सोलंकी, बंटी गुंजाल, सतीश गौड़, देवेंद्र मालवीय, दीपक जैन सहित अन्य भोले की भक्ति में मौजूद रहे।

### जेल में 1.25 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** केन्द्रीय जेल में सावन मास के अन्तर्गत शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ अधिकारी वरुण कपूर अतिथि थे जिनका स्वागत दिनेश नरगावे, संतोष कुमार लरिया, अभिषेक दांगी और जेल अधिकारियों ने किया। वरुण कपूर एवं सौम्या कपूर ने भी शिवलिंग का निर्माण किया उसके बाद 1000 बंदी एवं 51 महिला बंदिनियो ने शिवलिंग निर्माण में अपनी भूमिका निभाई। बंदियों की भजन मंडलियों ने शिव प्रस्तुति और मंत्रोच्चार भी किए।

### छातों से सजा बाबा रणजीत का दरबार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर सावन के दूसरे मंगलवार को आज विशेष श्रृंगार किया गया। गर्भगृह को छातों से सजाया गया। इससे पहले कापियों एवं शैक्षणिक सामग्री से दरबार सजाया गया। मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि इन छातों को सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को वितरित किए जाएंगे।



## किसान स्वरूप में सजे रामभक्त हनुमान

# विधाता ने धरा अन्नदाता का रूप

## देश में पहली बार हुआ ऐसा श्रृंगार



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**सुभाष चौक स्थित राम भक्त हनुमान मंदिर विशेष और अदभूत श्रृगार के लिए प्रसिद्ध है। यहां हमेशा नई अवधारणा के साथ हनुमानजी का श्रृंगार किया जाता है। श्रावण के दूसरे सोमवार को थीम बैस श्रृंगार के तहत कृषक विकास वर्ष के अनुरूप श्रृंगार किया गया। देर रात तक दर्शनार्थियों की कतार लगी रही।**

रामभक्त हनुमान मंदिर में हनुमानजी को किसान स्वरूप में सजाया गया। सम्भवत देश में पहली बार किसी मंदिर में इस थीम पर श्रृंगार हुआ। हनुमानजी, शिवजी, भैरव बाबा को किसान स्वरूप में सजाया गया। वहीं अलग-अलग प्रकार की खेती को दर्शाया गया। फसल की देखभाल, मिट्टी की तैयारी, रोपण कृसाही, निर्वाह कृषि, मिट्टी से खाद बनाना जैसी चीजें दर्शायी गयी। खेती के प्रकार भी बताए गए। बकायदा अलग-अलग चीजों की खेती के लिए उनके नमूनों के रूप में पौधे लगाकर पूरा मंदिर सजाया गया। खासतौर पर सौफ की खेती, भुट्टे की खेती, लाल मिर्च की खेती, सनफ्लावर की खेती, धनिये की खेती, पीली सरसों की खेती सहित कई तरह विशेष खेती भी दर्शायी गई।

### दो साल से कर रहे थे सामग्री एकत्रित

जीतू गुरु ने बताया कि इस प्रकार का श्रृंगार करने का विचार दो वर्ष पहले आया था। जिसके बाद से ही इसकी सामग्री एकत्रित की जा रही थी। विभिन्न प्रकार की खेती को दर्शाने के लिए कई सामग्री का उपयोग होना था। इसके लिए दुकानदारों को आर्डर भी दिया था। धीरे-धीरे सामग्री एकत्रित हुई और फिर यह श्रृंगार किया गया।

### म.प्र. सरकार का है कृषक कल्याण वर्ष

सियासी गलियारों में भी हनुमानजी का यह अदभूत श्रृंगार चर्चा में है। दरअसल मध्यप्रदेश सरकार ने इस वर्ष को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का ऐलान किया था। ऐसे में हनुमान मंदिर पर ऐसा श्रृंगार हुआ तो थीम से भेजा हुआ संदेश भी स्पष्ट हो रहा है और सियासी गलियारों में वायरल हो रहा है।

## कसेरा बाजार के विद्यार्थियों ने हरी वेशभूषा में दिया वृक्षों को बचाने का संदेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 में विद्यार्थियों के लिए ग्रीन ड्रेस में पौधों से संबंधित संदेश को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थी हरी वेशभूषा में कई संदेश देते हुए स्कूल में पहुंचे थे। विद्यार्थियों ने अलग-अलग स्क्रीप्ट भी तैयार की थी। हंट ग्रीन एक्टीविटी भी इन विद्यार्थियों को कराई गई। ग्रीन आबेजक्ट इन विद्यार्थियों ने सिलेक्ट कर कई संदेश दिए, जिसमें वृक्षों को बचाने का संदेश भी दिया गया। विद्यार्थी हरी सब्जी, फल और वृक्ष की वेशभूषा में पहुंचे थे। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर और अध्यापक विद्यार्थी मौजूद रहे।





## भलिका का विजेता के रूप में सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज की पश्चिमांचल प्रादेशिक सभा के मानद मंत्री निर्वाचित होने पर सेवा समर्पण बालाजी वेलफेयर सोसायटी ने भलिका का सम्मान किया। हरीश विजयवर्गीय, त्रिलोक जैन, निलेश भूतड़ा, राजेश विजयवर्गीय, संजय लुल्ला, भूपेन्द्र टोंग्या, नितिन विजयवर्गीय, अविचल विजयवर्गीय, जितेन्द्र जायसवाल मौजूद थे।



## 'बाल हनुमान से मनुहार' कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** काटकूट रोड पर स्थित प्राचीन बाल हनुमान मंदिर पर महालक्ष्मी नगर युवक मंडल ने 'बाल हनुमान से मनुहार' कार्यक्रम का आयोजन किया।युवाओं ने बाल्यकाल से ही विद्यार्थी जीवन तक अध्यात्म और संस्कारों से जुड़ने की प्रार्थना की। सुंदरकांड, राम नाम जाप और राम रक्षा स्त्रोत का पाठ किया गया। डॉ. संतोष सिंह ठाकुर, राहुल बना, भगवानसिंह दरबारसिंह परमार, अनुराग प्रताप सिंह राघव, कमल सिंह जादोन, दिग्विजयसिंह सोलंकी, अमित सिंह, राहुलसिंह पवार सहित अन्य मौजूद थे।

## माहेश्वरी हॉस्टल के स्थापना दिवस पर पौधारोपण






**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एबी माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित श्रीमती सीतादेवी जयनारायण जाजू माहेश्वरी बॉयज हॉस्टल के स्थापना दिवस पर मैराथन दौड़ के अलावा नशामुक्ति का संदेश विद्यार्थियों को दिया गया। पर्यावरणहित में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान स्वप्निल कोठारी, रामअवतार जाजू, भारत सारडा, मुकेश कचोलिया सहित अन्य मौजूद थे। वहीं स्वप्निल कोठारी ने विद्यार्थियों को सार्थक उद्बोधन भी दिया। रामअवतार जाजू का बद्रीलाल सोनी शिक्षा केंद्र के मैनेजिंग ट्रस्टी चुने जाने पर पुरुषोत्तम पसारी ने सम्मान भी किया। कार्यक्रम में ईश्वर बाहेती, गोपाल न्याति, पुरुषोत्तम पसारी, मनोहर बाहेती, कमलनारायण भूराडिया, उमाशंकर बिहानी, राजाराम बालदी, नटवर तोषनीवाल, अनिल राठी, सत्यनारायण सारडा, अशोक बिहानी, ओम गगरानी, पुष्पा जाजू, सुशीला काबरा, सुमन सारड़ा, संगीता कचोलिया, अनिता जाजू, भरत माहेश्वरी, अनुज माहेश्वरी, अक्षत झंवर, प्रथम गुजराती, प्रतीक तिवारी, तुषार जैन, आयुष राजपूत, आदित्य सिंघई उपस्थित रहे।



## अग्र बंधुओं की धार्मिक यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री मालवा मिल अग्रवाल पंचायत ने कल समाजजनों के लिए माँ बगलामुखी एवं आगर-मालवा स्थित बैजनाथ मंदिर एवं राणीसती मंदिर की धार्मिक यात्रा का आयोजन किया। गोविंद गर्ग, सुशील अग्रवाल, अजय गोयल, राजकुमार गोयल, प्रमोद अग्रवाल, नरेश मित्तल, सुभाष अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, गोविन्द गोयल, कल्याण अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सतीश गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

## राठौर समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री सकल पंच राठौर समाज ने दुर्गादास राठौर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर मेधावी छात्रों का सम्मान किया। अतिथि डॉ. जयंतिलाल भंडारी, गिरजेश राठौर थे। ललिता राठौर, भावना गेहलोत, सोनू राठौर, नितिन राठौर, संगीता देवड़ा, लकी राठौर, चेतन राठौर, रूपाली राठौर, विनोद राठौर, राजेंद्र सोनी, अशोक राठौड़, छगनलाल राठौर, मंजूश्री बोडाना, अर्चना राठौर, बाबूलाल राठौर, हरीश राठौर, विजय देवड़ा, रवीन्द्र राठौर, निलेश राठौर, विजय राठौर, अशोक राठौर, गगन राठौर, मयंकदीप राठौर, मुरलीधर राठौर, सुरेश राठौर, अनिता राठौर, संगीता राठौर, मुकेश राठौर, वंदना राठौर, प्रमिला राठौर, अंकित राठौर, नीलांशु राठौर उपस्थित थे।



## विश्वविद्यालय कर्मचारियों ने किए सामूहिक दर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की बहु उद्देश्यीय संस्था द्वारा 50 कर्मचारियों के साथ दो दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन किया। करीलाधाम अशोक नगर के जानकी मंदिर जो ८०० वर्ष पुराना है उसके दर्शन भी किए, नवीन राधारानी सरकार के दर्शन किए। दूसरे दिन जागेश्वर मंदिर कटिघाटी, कोशिक महल, चंदेरी किला, लक्ष्मण मंदिर, जामा मस्जिद, बादल महल का भी भ्रमण किया। सुनील दुधाले, डॉ. लक्ष्मण शिंदे, हनुमानसिंह रघुवंशी का मार्गदर्शन मिला।

# चातुर्मास में धर्म पालन करने का आगाज, केशरी वाटिका में आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बिजासन रोड स्थित केशरी वाटिका में आचार्य विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. एवं सिद्धरत्न विजयजी म.सा. चारित्ररत्नविजयजी म.सा.,प्रशमसेनविजयजी म.सा.के प्रेरक प्रवचन जैन समाजनजों को सुनने को मिल रहे है। लगातार जैन समाजजन श्रद्धालु बनकर धर्मसभा में पहुंच रहे है। 18 पापस्थानकों की संवेदना में भी समाजजन मौजूद रहे।



कुल 20 श्रमण-श्रमणी की निश्रा में चातुर्मास में धर्म पालन करने का भव्य आगाज हुआ। आचार्य विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. ने कहा कि गुरु बनना सरल हो सकता है, लेकिन सच्चा शिष्य बनना अत्यंत कठिन है। गुरु के प्रति समर्पण, श्रद्धा, विनय और आज्ञापालन को जीवन का आधार बनाना ही सच्चे शिष्यत्व की पहचान है। आचार्य ने अपना संपूर्ण जीवन गुरुचरणों में समर्पित कर शिष्यत्व की आदर्श परंपरा प्रस्तुत की है। राजेश जैन युवा ने बताया कि आज से गुरु तप अराधना शुरू हुई है और और नवकार आराधना 20 अगस्त से प्रारंभ होगी। आज दोपहर 2 बजे आदिनाथ मांगलिक भवन, रामचंद्र नगर में साध्वीवर्या शशिकलाश्रीजी म.सा. की पुण्यतिथि पर महिलाओं की सामूहिक सामायिक आयोजित होगी।16 अगस्त को भगवान नेमिनाथ प्रभु का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक मनाया जाएगा तथा उनके जीवन-चरित्र पर विशेष प्रस्तुति होगी। धनराज संघवी, प्रभात जैन, नरेंद्र बोहरा, राजेन्द्रकुमार रुणवाल, राजेंद्र पारेख, सुरेंद्र सुराणा, विनोद संघवी, अनिल सकलेचा, दिनेश मेहता, श्रीपाल संकलेचा, रवि रांका, सनोज जैन, मुकेश पोसित्रा, ललित जैन, मनोज जैन, पंकज पारेख, प्रवीण जैन पूर्णिमा, रवि मोदी, शैलेन्द्र जैन, प्रमोदकुमार वया, डॉ. गजेंद्र जैन, सुशील तांतेड़, गोलू सकलेचा, अमित कावड़, अशोक बागवाला, रमेश श्रीमाल, कमलेश कोठरी, दिलीप संघवी, राजेंद्र चोरडिया सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन ग्रुप के स्वास्थ्य शिविर में 330मरीजों ने लिया लाभ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय आरोग्य सेवा भारती के संयुक्त तत्वाधान में एकेडमी स्कूल अवंतिका नगर के पास नेत्र शिविर में 330 मरीजों ने लाभ लिया, 27 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे जरूरतमंद को 142 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए। अनोखीलाल जैन, सुरेश देशलहरा, भंवरलाल कासवा, सुभाष गोखरु, डॉ. जितेन्द्र पारख,किरण संचेती, अरविन्द चोधरी, महेश डकोलिया, पारस कटारिया, चन्द्रकुमार फ़तेपुरिया, डॉ. आरएन मिश्रा, प्रभाकर कोहेकर, वीरसिंह यादव, सुरेंद्र वर्मा, भावना शिंदे, मुकेश पांडे मौजूद थे।





## 230 महिलाओं ने की धार्मिक यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राष्ट्रीय खंडेलवाल (सरावगी) दिगम्बर जैन महिला संगठन की 230 महिलाओं की धार्मिक यात्रा का आयोजन कर नेमावर सिद्ध क्षेत्र, श्री पार्श्वनाथ भगवान डबल चौकी, शिवपुर मातमुर, सतवास, पानीगांव सहित अन्य जगह मातृशक्तियों ने दर्शन लाभ लिया। संदीप-शीतल पहाडिया, ज्योति सेठी, नमिता कासलीवाल, मोनिका अजमेरा, श्वेता काला, प्रभा गंगवाल, मीनू कटारिया, ज्योति गंगवाल, संगीता काला, मोनिका काला, ऋचा सेठी, रेखा बाकलीवाल, रुचि चोविष्या, दीपाली पाटनी आदि उपस्थित थी।

## शासकीय कर्मचारियों की तिरंगा यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हर घर तिरंगा के आव्हान पर आज दोपहर में शासकीय कर्मचारियों की तिरंगा यात्रा कलेक्टर कार्यालय से महू नाका महाराणा प्रताप प्रतिमा तक निकाली जाएगी। यात्रा को जिला कलेक्टर शिवम वर्मा एवं सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति रवाना करेंगे। आयोजन से हरीश बोयत सहित अन्य पदाधिकारी जुडे हुए है।

## युवा साहित्यकार पाटीदार का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। युवा साहित्यकार मनीष कुमार पाटीदार को साहित्य अकादमी भोपाल के 'अखिल भारतीय कृति पुरस्कार' से सम्मानित होने पर मंच अनुरनन द्वारा 'प्रथम युवा साहित्यकार सम्मान' प्रदान किया गया। साथ ही, नेहा शर्मा को मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा भाषा सारथी सम्मान प्रदान किया गया। स्वाति सिंह राठौर, तृप्ति मिश्रा, कल्याणी गुप्ता, कीर्ति मेहता, प्राची शर्मा, डॉ. किरण पांचाल, शीला बडोदिया,आरती गौड़, संध्या मयूरी, अंतिमबाला पंवार, युक्ता बर्वे,सलोनी मिश्रा, सरला मेहता, सुनीता श्रीवास्तव, अदिति भदौरिया, शीला चंदन, जयश्री उपाध्याय, संध्या मयूरी ने रचना पाठ सहित अपनी-अपनी भूमिका निभाई। इस दौरान शिशिर उपाध्याय, दिनेश तिवारी उपवन, डॉ. अर्पण जैन 'अविचल', डॉ अखिलेश राव, दामोदर वीरमाल, संजय तराणेकर, मुकेश तिवारी उपस्थित रहे।



## सोमवंशी सकल पंच समाज ने किया सम्मान आयोजन

इंदरौ ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सोमवंशीय सकल पंच महार समाज केंद्रीय समिति के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज युवा शक्ति मंडल द्वारा सामूहिक गोंदल जागरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संतोष सिंगारे, नारायण राव गायकवाड़, किशोर बावस्कर, लक्की टपाल, अनिल पवार, सुभाष निकुमकर, संतोष कांबले, लखन अड़ाव, भैया बावस्कर, गोविंद पवार, अरुण पवार, अक्षय अड़ाव, आशीष केदार, अजय गंगोडे, राजकुमार जाधव, राकेश बाविस्कर, जीवन सोनोने, जय गायकवाड़, शरद भोजने, प्रदीप भंडारे, विजय पवार, संदीप बागुल, सुलोचना भड़ंगे मौजूद थे।






## देवगुराड़िया पहाड़ी पर 751 पौधे रोपे, जिनमें 61 बिल्वपत्र के पौधे

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। देवगुराड़िया पहाड़ी पर ग्रीन आर्मी की टीम और पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने मिलकर पहाड़ी पर 751 पौधे रोपे। इनमें 61 पौधे बिल्वपत्र के थे। वन विभाग की संगीता ठाकुर एवं प्रवीण मालवीय तथा साइंटेक इको फाउंडेशन के अशोकजी की टीम ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।



## शर्मा से मिलने पहुंचे दुबई के भाटिया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ग्लोबल फोरम मिडिल ईस्ट दुबई के चेयरमैन चंद्रशेखर भाटिया ने इंदौर प्रवास के दौरान आचार्य पंडित रामचंद्र शर्मा 'वैदिक', से मुलाकात की। भाटिया का सम्मान किया गया।

## कवयित्री सम्मेलन का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अनुरनन-प्रतिध्वनि साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था मध्यप्रदेश द्वारा 'वन्दे भारतभूमे' कवयित्री सम्मेलन आयोजित हुआ। समारोह में अतिथि सोनम निमामा, सीमा सिंह, नेहा शर्मा थी।

## ट्रांसपोर्ट नगर संस्था को मिला श्रेष्ठ संस्था का पुरस्कार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ट्रांसपोर्ट नगर दूरभाष कर्मचारी सहकारी साख संस्था मर्यादित के अध्यक्ष मनमोहन झांझरी ने बताया कि टीपीएन सोसायटी को इंदौर संभाग में सर्वश्रेष्ठ संस्था के रूप में शामिल किए जाने पर विभिन्न संगठनों व संगठन के पदाधिकारियो ने अध्यक्ष सहित संपूर्ण संचालक मंडल का स्वागत कर अभिनंदन किया।



# खटाई में पड़ सकता है बायो-सीएनजी गैस प्लांट का विस्तार

## 550 से 800 टन प्रतिदिन गीले कचरे के निपटान की क्षमता बढ़ाई जानी, 13 अगस्त 2026 को होने वाली महापौर परिषद की बैठक में होगी चर्चा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर में लगातार गीले कचरे की मात्रा बढ़ रही है और इसके निपटान के लिए जहां स्वास्थ्य समिति के प्रभारी आश्विन शुक्ल नए दो बायो सीएनजी प्लांट लगाने के लिए जमीन की तलाश करने की बात कह रहे हैं वही दूसरी और वर्तमान में जो बायो सीएनजी प्लांट टीचिंग ग्राउंड पर संचालित किया जा रहा है उसके क्षमता 800 टन प्रतिदिन गीले कचरे के निपटान हेतु वर्तमान प्लांट को विस्तार दिया जाना है लेकिन फिलहाल मामला खटाई में पड़ता दिखाई दे रहा है। नगर निगम और प्लांट प्रबंधन के बीच में जमीन की शर्तों को लेकर उलझन फिलहाल बनी हुई है इसी के चलते या मामला अब ठंडा बस्ता में जा सकता है। फिलहाल आगामी 13 अगस्त 2026 को होने वाली महापौर परिषद की बैठक में इस पर बहस और चर्चा होगी क्योंकि शर्तों को लेकर सभी एमआईसी सदस्यों में एकमतता नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक वर्तमान बायोगैस संयंत्र प्रबंधन करने वाली कंपनी और निगम के बीच जमीन देने के बीच चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। नगर निगम द्वारा जमीन के बदले रॉयल्टी में वृद्धि की गई है इस वृद्धि को लेकर बायो सीएनजी प्लांट ने आपत्ति ली है और वह राशि बढ़ाने पर सहमत नहीं है। इसीलिए यह मामला उलझा हुआ है। इधर प्रबंधन की ओर से भी स्पष्ट किया गया है कि वह अधिक राशि चुकाने में सक्षम नहीं है क्योंकि प्लांट संचालित करने का खर्च नहीं निकल पा रहा है इस समय नया निवेश बढ़ी हुई रॉयल्टी पर करना मुश्किल है। नगर निगम के एमआईसी सदस्यों का सोचना है कि वह कौड़ियों के दाम पर जमीन नहीं दे सकते। पूरे शहर का गीला कचरा प्लांट को दिया जा रहा है जिससे बायो-सीएनजी गैस तैयार की जाती है इस गैस से संयंत्र संचालक बिजनेस कर रहे हैं। इसीलिए नगर निगम को अधिक आर्थिक लाभ होना चाहिए ताकि आम नागरिकों को भी इसका लाभ मिल सके हालांकि टैक्स सहित अन्य किसी में नगर निगम द्वारा कोई बड़ी छूट नहीं दी जा रही है बल्कि टैक्स को अलग-अलग स्लिप में लगाकर हर साल टैक्स बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर वेस्ट प्रबंधन से जुड़े जानकारों का कहना है कि इंदौर के पास एशिया का दूसरा सबसे बड़ा गीला कचरा प्रबंधन प्लांट लगा हुआ है यह अपने आप में ही एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि प्लांट से भले ही रेवेन्यू नहीं मिले लेकिन इंदौर शहर के पास गीले कचरे को रिसाइकल करने का बड़ा संसाधन मौजूद है। अगर वर्तमान लगे हुए बायो सीएनजी गैस प्लांट को विस्तार दिया जाता है तो नगर निगम का इसमें कोई नुकसान नहीं है क्योंकि देश में ऐसे कई शहर हैं जिनके पास इतनी बड़ी यूनिट खुद के शहर में नहीं है जिसके कारण वह गीले कचरे के प्रबंधन एवं निस्तारण में पीछे रह जाते हैं इसीलिए इंदौर के कॉर्पोरेट इस बात का ध्यान रखें कि नए प्लांट अलग-अलग स्थान पर लगाने के बजाय वर्तमान में चल रही यूनिट को विस्तार दिया जाए। इसके अलावा नई एजेंसी को प्लांट लगाने के लिए नियुक्त करने पर वर्तमान की समस्या का निराकरण नहीं होगा क्योंकि टेंडर होने के बाद एजेंसी फाइनल करने और संयंत्र स्थापित करने में 2 से 3 साल का समय लगेगा इस दौरान कचरे की मात्रा 800 टन प्रतिदिन से अधिक हो जाएगी ऐसी स्थिति में कचरे का निपटान एक बड़ी समस्या बनकर इंदौर शहर में उभरने लगेगा।

# 15 अगस्त से पहले हो जाएगा तैयार मूसाखेड़ी क्षेत्र का पहला योगा शेड

## रिंग रोड पर सर्विस रोड और ग्रीन बैल्ट के पास खाली हिस्से में हो रहा योग केंद्र तैयार

**इंदौर।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 54 में स्थित पिंक सिटी कॉलोनी के सामने आने वाले दिनों में बेहद जल्द 15 अगस्त के आसपास मूसाखेड़ी क्षेत्र का पहला योगा शेड बनकर तैयार हो जाएगा। जिसका वर्तमान में इन दिनों बेहद तेजी के साथ काम चल रहा है। गौरतलब है कि मूसाखेड़ी क्षेत्र में अब तक किसी भी वार्ड में कोई भी योग केंद्र नहीं बन पाया था। इसलिए क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल ने अपने क्षेत्र के लिए विशेष रुचि लेते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव से अपने वार्ड की पिंक सिटी कॉलोनी के ठीक सामने ग्रीन बेल्ट की खाली जगह पर उजाड़ बगीचे की जगह क्षेत्र के रहवासियों के लिए मूसाखेड़ी - मयूर नगर क्षेत्र में रिंग रोड सर्विस रोड के पास आधुनिक सुविधाओं वाला नवीन योगा शेड का निर्माण कार्य पिछले दिनों शुरू करवा दिया गया था। जो अब बेहद जल्द बनकर तैयार होने वाला है।

वहीं क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल ने बताया कि हमारा प्रयास है कि इसी माह 15 अगस्त से पहले क्षेत्र के रहवासियों के लिए सौगात के रूप में क्षेत्र का पहला योग केंद्र का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो जाए। ताकि हमारे महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक महेंद्र हार्डिया के हाथों तैयार हो रहें नवीन योग केंद्र का शुभारंभ कर जनता के सुपुर्द किया जाए। जिससे क्षेत्र की पिंक सिटी, मयूर नगर, साटम पार्क कॉलोनी, शांति नगर हरिओम पन्ना नगर इंद्रिश नगर, मेट्रो सिटी सहित आसपास की अन्य कॉलोनीयों के रहवासी सेहत बनाने के लिए योग केंद्र का उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए लोगों को घर से ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा। बल्कि घर के बेहद नजदीक ग्रीन बेल्ट की खाली जगह पर शानदार बगीचे के साथ वॉटरप्रूफ योग केंद्र की सौगात भी मिलने वाली है। जिसको लेकर वर्तमान में यहां बेहद तेजी के साथ काम चल रहा है। कहा जा रहा है कि अगले 15 अगस्त के आसपास योगा शेड का काम हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा।

## पीडब्ल्यूडी अब बरोदा दौलत से सेमलियाचाऊ और चोखे माना फाटा तक जुड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण शुरू करेगा

**इंदौर।** लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी अब सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेमलिया चाऊ चोखे माना फाटा सहित आधा दर्जन अन्य गांव से जुड़ी मुख्य सड़क का निर्माण कार्य शुरू करेगा। जिससे क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। यही नहीं इस कार्य पर लोक निर्माण विभाग द्वारा 3 करोड़ 90 लाख 56000 से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। उक्त नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य के साथ सेंट्रल लाइटिंग लगाने और डिवाइडर के साथ अन्य कार्य भी किए जाएंगे। जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी ने अपनी ओर से विभागीय तैयारी शुरू कर दी है। कहां जा रहा है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी का उक्त सड़क निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। उक्त सड़क निर्माण कार्य से क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांव के हजारों रहवासी परिवारों को सबसे बड़ा फायदा होगा। बारिश के दिनों में उन्हें ऊबड़-खाबड़ सड़क से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। साथ ही कीचड़ और गंदगी के साथ लंबे समय से आधी अधूरी सड़क की बजाय नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क की सौगात भी मिलेगी। साथ ही यहां से रात दिन गुजरने वाले वाहन चालकों को भी गड्ढों से मुक्ति मिलेगी। गौरतलब है कि विभाग द्वारा क्षेत्रीय मंत्री और विधायक तुलसीराम सिलावट के प्रयासों से उक्त सड़क निर्माण और चौड़ीकरण को लेकर लंबे समय से तैयारी की जा रही है जिसके लिए पहले भी निविदा जारी की गई थी। जिसको लेकर ठेकेदार की तलाश लगातार जारी है वही अब कहा जा रहा है कि अगले माह में निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद उक्त सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा।

### ब्लास्ट की खबर का असर

# पालदा औद्योगिक क्षेत्र में निगम ने टूटे चैम्बरों पर लगाए नए ढक्कन

**इंदौर।** पालदा औद्योगिक क्षेत्र के मंगल उद्योग नगर में मामा जी तौल कांटे से भीतर जाने के लिए वाहन चालकों को अब रास्ता नहीं बदलना पड़ेगा। पिछले दिनों 'सिटी ब्लास्ट' में छपी खबर के असर से निगम अधिकारियों ने मामले संज्ञान लेकर क्षेत्र के टूटे चैंबरों पर नए ढक्कन लगाने का काम शुरू कर दिया है। जिससे औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारियों ने राहत की सांस ली। साथ ही व्यापारियों और उद्योगपतियों ने कहा कि सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट हमेशा जन हित के मुद्दे उठाता है और अपना दायित्व निभाता है। पिछले दिनों ब्लास्ट में प्रमुखता से छपी खबर के असर से निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लेकर लंबे समय से टूटे चैंबरों के ढक्कन बदलकर उनकी जगह नहीं ढक्कन लगाए साथ ही टूटे चैंबरों की रिपेयरिंग भी की। जिससे व्यापारियों में खुशी है व्यापारियों और उद्योगपतियों ने सिटी ब्लास्ट का साधुवाद किया। सबसे बड़ी बात यह है कि बारिश के दौरान टूटे चैंबरों के कारण आए दिन बाइक सवार और पैदल चलने वाले राहगिरों के साथ दुर्घटना और हादसे होने का अंदेशा बना रहता है। कई बार बाइक सवार वाहन चालक अंधेरे में बारिश के दौरान टूटे चैंबरों के गड्ढे में गिर चुके हैं इसके अलावा कई जानवर भी खुले चैंबरों में गिरने के साथ हादसे का शिकार हो रहे थे। खासकर बड़ी संख्या में यहां फैक्ट्री और कारखाने में महिलाएं भी काम करती है जिनके दुर्घटनाग्रस्त होने का अंदेशा बना रहता है। जिसको लेकर क्षेत्र के व्यापारी और उद्योगपतियों ने निगम के साथ जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और सिटी ब्लास्ट को भी शिकायत की थी। सिटी लास्ट में प्रमुखता से यहां की खबर छाप कर जनहित का मुद्दा उठाया। खबर के असर से निगम के जिम्मेदार अफसर ने संज्ञान लेकर अब क्षेत्र के टूटे चैंबर रिपेरिंग और ढक्कन बदलने का काम शुरू कर दिया है।





# करोड़ों खर्चकर देवास नाका पर बनी फूड टेस्टिंग लैब क्या रक्षाबंधन से पहले होगी शुरू?

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पिछले साल अक्टूम्बर माह से तैयार करोड़ों की लागत से देवास नाका तलावली चांदा के पास बनी प्रदेश की तीसरी आधुनिक फूड एंड ड्रग लैब में 9 माह बाद भी सेम्पलों की जांच शुरू नहीं हो पाई। जबकि प्रदेश की आर्थिक राजधानी और खानपान के लिए देशभर में पहचान रखने वाले इंदौर को मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए ही यहां लगभग तीन साल से भी ज्यादा समय में अत्याधुनिक फूड एंड ड्रग लैब का निर्माण हो पाया था। लेकिन अभी तक जांच शुरू नहीं की गई। गौरतलब है कि पिछले साल मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने खुद अक्टूबर 2025 में 8.30 करोड़ रुपये की लागत से तलावली चांदा स्थित नवीन लैब का लोकार्पण किया था, लेकिन अब हालत यह है कि नौ माह बीत जाने के बाद भी सैंपल जांच शुरू नहीं हो सकी है। अभी भी यहां से खाद्य सेम्पल जांच के लिए भोपाल भेजने पड़ रहें है।

### एनबीएल सर्टिफिकेट के कारण अटकी जांच

बड़ी बात यह है कि देवास नाका क्षेत्र में तैयार आधुनिक बहु मंजिला भवन में नवीन



लैब में अत्याधुनिक उपकरण भी स्थापित हो चुकें है और आठ सदस्यीय स्टाफ भी तैनात कर दिया गया है। इसके बावजूद एनएबीएल (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज) का प्रमाणपत्र नहीं मिलने के कारण प्रयोगशाला संचालन शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण इंदौर और आसपास के जिलों से लिए जा रहे खाद्य एवं औषधि नमूनों को जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

### मिलावट के मामले लगातार आ रहे सामने

शहर में लगातार खान पान के पदार्थों में मिलावट के मामले रोजाना सामने आ रहे है। जबकि पिछले साल लोकार्पण के दौरान जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने लैब को मिलावट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई का मजबूत हथियार बताया था। यही नहीं दावें भी किए जा रहे थे कि इससे जांच प्रक्रिया तेज होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी, लेकिन आम लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं वर्तमान में इंदौर में मिलावट के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। यहां मसाले, दूध, घी और आइसक्रीम सहित अन्य खान पान की चीज़ों में मिलावट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

### 14 दिन का नियम महीनों तक नहीं आती रिपोर्ट

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए जाने वाले खाद्य पदार्थ के सैंपलों की रिपोर्ट भोपाल से आने में कई बार महीनों का समय लग जाता है। इस देरी का सीधा फायदा मिलावटखोरों को मिलता है। रक्षाबंधन, दीपावली जैसे बड़े त्योहारों में मिठाइयां खप जाती हैं, लेकिन रिपोर्ट ही नहीं आ पाती है। लैब शुरू होने का सबसे बड़ा फायदा ही यहीं मिलेगा कि रिपोर्ट जल्दी आ सकेगी। खाद्य अधिकारी रक्षाबंधन से पहले जल्द लैब शुरू करवाने का दावा कर रहें है लेकिन दावों का क्या दावे बनकर रह जाते है।

## संपादकीय

# संसद ठप, 'चढ़ावा चोरी' का शोर हंगामे से लेकर चुनावी समीकरण तक टीवी बहसों में क्या-क्या चला

हाल में सबसे मजेदार कहानी निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बनाई। वे सभी चैनलों के हीरो रहे, सिद्ध हुआ कि खुद को खबरों में बनाए रखना वे बखूबी जानते हैं। 'चढ़ावा चोरी' का यह नाटक कुछ सांसदों के लिए भले मजेदार रहा हो, मगर सत्तापक्ष और उसके समर्थकों ने इस पर सवालों की बौछार कर दी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू राहुल गांधी से मिलकर कहते हैं कि मान जाओ और संसद चलने दोष्ट महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा करो, लेकिन राहुल हैं कि मानते ही नहीं। वे अड़े हैं कि जब तक केंद्रीय गृहमंत्री 'विद्यार्थियों पर पैलेट गन चलाने' की घटना पर वक्तव्य नहीं दे देते, तब तक संसद नहीं चलने देंगे। फर्क इतना ही है कि पहले वे गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े थे, अब बयान पर अड़े हैं। एक तरफ सत्तापक्ष की 'जिद', तो दूसरी ओर विपक्ष की 'जिद' संसद के कामकाज को 'स्थगित' कराती रहती है। हर रोज सदन में हंगामे के बाद विपक्ष के ज्यादातर दल संसद परिसर में गृहमंत्री के बयान की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हैं। जो बहस संसद में नहीं हो पाती, वो शाम को चैनलों पर होती है, लेकिन वहां भी कई बार बहस 'तू-तू, मैं-मैं' में बदल जाती है। फिर एंकर की ओर से बीच-बचाव किया जाता है। कई बार प्रवक्ता नाराज होकर बहस बीच में ही छोड़कर चले जाते हैं। हाल में सबसे मजेदार कहानी निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बनाई। वे सभी चैनलों के हीरो रहे, सिद्ध हुआ कि खुद को खबरों में बनाए रखना वे बखूबी जानते हैं। वे एक दिन भगवा वस्त्र पहनकर साधु के भेष में संसद पहुंचे और बाहर 'मकर द्वार' के पास बैठ गए। वे वहां 'यज्ञ' करने का 'नाटक' करने लगे और नाटकीय रूप में कुछ मंत्र उच्चारित करते दिखे। उनके चारों ओर घेरा बनाकर खड़े विपक्ष के सांसद बारी-बारी से आकर उनके डिब्बे में चढ़ावा चढ़ाते दिखे। यही नहीं, आजू-बाजू खड़े सांसद 'चंदा चोर-चंदा चोर' के नारे लगाते नजर आए। फिर पप्पू यादव ने जब चंदे के डिब्बे को चुराकर भागने का नाटक किया, तो वहां मौजूद सांसद उन्हें पकड़ने की कोशिश करते दिखे। यह 'चढ़ावा चोरी कांड' की एक 'पैरोडी' थी, जिसकी पटकथा खराब बताई गई, लेकिन पप्पू यादव और अन्य विपक्षी सांसद इस 'नुक्कड़ नाटक' का आनंद लेते नजर आए। 'चढ़ावा चोरी' का यह नाटक कुछ सांसदों के लिए भले मजेदार रहा हो, मगर सत्तापक्ष और उसके समर्थकों ने इस पर सवालों की बौछार कर दी। चैनलों पर इस नाटक का प्रसारण देख देश का 'साधु-संत समाज' पप्पू यादव के पीछे पड़ गया और उनका जमकर विरोध किया। भाजपा प्रवक्ताओं ने भी इसे 'साधु-संतों का अपमान' बताया। एक चर्चक ने तो इस तरह के नुक्कड़ नाटक को संसद के बाहर करने पर सवाल उठाते हुए इसे 'साधु-संतों' के खिलाफ लोगों को 'उकसाने' वाला करार दिया। इसके बाद मीडिया से बातचीत के दौरान पप्पू यादव पर हमले की कोशिश भी हुई, हालांकि पुलिस ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाल लिया। मगर चैनल चर्चा में यह मुद्दा जल्द ही उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव में 'किसका फायदा होगा और किसका नुकसान' वाले मुद्दे में बदल गयाष्ठ। ऐसे मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का मुस्कुराता हुआ चेहरा बहुत कुछ कहता नजर आया। इस सप्ताह उन्होंने 'पीडीए' की एकदम 'नई व्याख्या' करके सबको चकित कर दिया। उन्होंने बताया कि 'पीडीए' का मतलब 'पंडित है'ष्ठ। एक चर्चक ने साफ किया कि इस 'स्किट' ने स्पष्ट कर दिया कि उत्तर प्रदेश में जीतने के लिए सपा वाले इस बार 'सवर्ण जातियों', खासकर 'ब्राह्मणों' को अपना नया 'वोट बैंक' बनाने के चक्कर में हैं। इस बीच, झारखंड के रांची में राज्य की 'परीक्षा व्यवस्था' में पैदा हुई गड़बड़ियों में सुधार करने की मांग को लेकर कई दिन से भूख हड़ताल कर रहे कुछ विद्यार्थी बार-बार खबर बनते रहे। चर्चा में कई चर्चक 'जंतर-मंतर ब्रांड' जेन-जी के प्रदर्शन और उनके 'खानपान' की तुलना 'रांची में प्रदर्शन' कर रहे युवाओं के 'सादे खानपान' से करते नजर आए। एक चैनल तो 'जंतर-मंतर' के जेन-जी की 'पांच सितारा जीवनशैली' के पीछे ही पड़ गया और रांची में भूख हड़ताल पर बैठे विद्यार्थियों के प्रति अपनी पूरी हमदर्दी एवं संवेदना जताता रहा।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 151000 | 155000 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 234900 | 237350 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू





# स्वतंत्रता दिवस को लेकर अलर्ट पर इंदौर पुलिस

## टीआई मॉल में बीडीडीएस टीम ने की बम थ्रेट मॉक ड्रिल

**इंदौर।** आगामी स्वतंत्रता दिवस और त्योहारों के दृष्टिगत शहर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण एवं भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा जांच की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को इंदौर पुलिस की बीडीडीएस (बम डिस्पोजल एंड डिटेक्टिव स्क्वाड) टीम द्वारा टीआई मॉल में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

आयोजित इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व बीडीडीएस प्रभारी खालिद मुश्ताक ने किया। अभ्यास के दौरान मॉल के सुरक्षा कर्मचारियों और विभिन्न शोरूम के स्टाफ को शामिल कर किसी लावारिस या संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिलने पर अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस टीम ने समझाया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल क्षेत्र को खाली कराकर आमजन को संदिग्ध वस्तु से दूर रखा जाए। इसके साथ ही मॉल के प्रवेश एवं निकास द्वारों को नियंत्रित करने, भीड़ को एकत्र होने से रोकने, निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विशेषज्ञ टीमों को सूचित करने और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने मॉल प्रबंधन व सुरक्षा कर्मियों से संवाद कर सुरक्षा सावधानियों की जानकारी दी। स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी सुरक्षा की सतत समीक्षा की जा रही है।




# हाईकोर्ट गेट नंबर 3 के पास सरेराह गांजा पीते वीडियो वायरल, आरोपी पर केस दर्ज

**इंदौर।** शहर के संवेदनशील और अतिसुरक्षित माने-जाने वाले हाईकोर्ट क्षेत्र के पास सरेराह नशाखोरी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने त्वरित और सख्त कार्रवाई की है। हाईकोर्ट गेट नंबर 3 के पास स्थित गली में एक व्यक्ति द्वारा खुलेआम गांजा पीने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश देकर आरोपी को चिन्हित किया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।

शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। इसी बीच हाईकोर्ट गेट नंबर 3 के पास वाली गली में एक व्यक्ति द्वारा खुलेआम मादक पदार्थ गांजा पीने का वीडियो सामने आया। मीडिया द्वारा जैसे ही यह वीडियो पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के ध्यान में लाया गया, पुलिस ने बिना समय गंवाए तत्काल संयुक्त टीम गठित की। क्राइम ब्रांच और तुकोगंज थाना पुलिस की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और वीडियो में दिख रहे संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया। सार्वजनिक स्थान पर अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने के जुर्म में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि शहर के सार्वजनिक और शैक्षणिक स्थलों के आसपास नशाखोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पुरानी बात को लेकर दंपत्ति से मारपीट

## महिला के पेट में मारी लात, चार पर केस दर्ज

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में रास्ते में रोककर एक दंपति के साथ गाली-गलौज कर आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते पति-पत्नी को घेर लिया और फोन करके अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया। आरोपियों ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसके पेट में लात मार दी और बीच-बचाव करने आए उसके पति को भी लात-घूंसों से जमकर पीटा। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गणेश नगर निवासी फरियादी वंशिका पति सुमित खरत ने आजाद नगर थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति सुमित के साथ तीन इमली चौराहे से होकर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में आरोपी अनुरूप मंडलोई और उसका दोस्त अतुल आए और पुरानी बात को लेकर उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। विवाद के दौरान आरोपी अनुरूप ने अपने मोबाइल से कॉल करके अपने दो अन्य साथियों अजय और दीपक मुजाल्दा को भी मौके पर बुला लिया। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने दंपति के साथ मारपीट और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब फरियादी महिला ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपी अतुल ने उसके पेट में लात मार दी। पत्नी को पिटता देख जब पति सुमित बीच-बचाव करने आगे आया, तो आरोपी अनुरूप और अतुल ने मिलकर सुमित के साथ भी हाथ-घूंसों से जमकर मारपीट की।

# घर के सामने बाइक खड़ी करने पर विवाद, पड़ोसियों ने दो महिलाओं को पीटा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बाणगंगा थाना क्षेत्र में घर के सामने मोटरसाइकिल खड़ी करने की बात पर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। पड़ोस में रहने वाले पिता-पुत्र ने दो महिलाओं के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ-थप्पड़ों से जमकर मारपीट कर दी और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, वृंदावन कॉलोनी निवासी फरियादी सोनम यादव ने थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनके घर के ठीक सामने रहने वाले वीरेंद्र जादौन और उसके बेटे प्रिंस जादौन ने अपनी मोटरसाइकिल उनके घर के सामने लाकर खड़ी कर दी थी। जब सोनम और उनकी पड़ोसन शिवानी पाठक ने उनसे गाड़ी वहां से हटाने को कहा, तो दोनों आरोपी भड़क गए और महिलाओं को गालियां देने लगे। जब सोनम और शिवानी ने अश्लील गालियां देने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी वीरेंद्र और प्रिंस उग्र हो गए। आरोपियों ने दोनों महिलाओं के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ता देख आसपास के लोगों के जुटने पर आरोपी दोनों महिलाओं को जान से खत्म करने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।



# खजराना के अशरफी कालोनी का बोरिंग बंद

## शिकायत की तो बोले-8 से 10 दिन लगेंगे चालू होने में

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जोन-10, वार्ड क्रमांक 38 के खजराना क्षेत्र स्थित अशर्फी कॉलोनी में सरकारी बोरिंग बंद होने का मामला सामने आया है। बोरिंग बंद होने के कारण क्षेत्र के रहवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर बोरिंग चालू करने वाले रईस से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि बोरिंग की मोटर/बाल खराब होने के कारण फिलहाल बोरिंग चालू नहीं हो पा रहा है। बोरिंग कब तक चालू होगा, इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने लगभग 8 से 10 दिन का समय लगने की बात कही।



# अवैध खनन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बेटमा, देपालपुर, सेजवानी, दौलताबाद रंगवासा एवं आसपास के क्षेत्रों में कथित अनियमित एवं अत्यधिक गहरे खनन, किसानों की निजी भूमि की सीमाओं के उल्लंघन, रॉयल्टी एवं लीज संबंधी अनियमितताओं तथा पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी को लेकर भारतीय किसान मजदूर सेना ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देपालपुर एसडीएम के रीडर को सौंपा। किसान नेता बबलू जाधव ने कहा कि किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खनन क्षेत्रों का राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम से सीमांकन कराया जाए तथा स्वीकृत सीमा, गहराई, रॉयल्टी, खनिज परिवहन और पर्यावरणीय अनुमति की निष्पक्ष जांच हो। यदि जांच में अवैध खनन या किसानों की भूमि में अतिक्रमण प्रमाणित होता है तो संबंधितों से नुकसान एवं राजस्व की वसूली कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, लापरवाही या मिलीभगत पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो। बबलू जाधव, चंदनसिंह बड़वाया,शैलेंद्र पटेल प्रवीण ठाकुर जयदीप मंडलोई उपस्थित रहे।

# एमडी ड्रग्स के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

## ऑटो ड्राइवर निकला आरोपी, भंडारी ब्रिज के नीचे घेराबंदी कर पकड़ा

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को 54.70 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स के साथ दबोचा है।जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब साढ़े 5 लाख बताई जा रही है। पकड़ा गया आरोपी पेशे से ऑटो ड्राइवर है। बीती रात क्राइम ब्रांच की टीम परदेशीपुरा क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान भंडारी ब्रिज के नीचे एक युवक पैदल आता दिखा जो पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ाने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम दानिश शेख निवासी आजाद नगर बताया।जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 54.70 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। आरोपी से नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



## बारिश के बीच फुटबॉल मैदान पर खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

**इंदौर।** बारिश की बूंदो के बीच डेली कॉलेज मैदान पर खेली जा रही कासलीवाल ट्रॉफी के बालक वर्ग के मुकाबलों में एसआरसीएस, लारेंस स्कूल, एपीएस इंदौर, केवीएस-1 ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। बालक वर्ग के मुकाबलों में एसआरसीएस ने श्रीराम रवि शंकर को 2-1 से, लारुंस स्कूल ने सेंट अर्नाल्ड स्कूल को 4-0 से, एपीएस इंदौर ने एकायना स्कूल को 2-0 से, केवीएस-1 ने डीपीएस राऊ को 2-1 से, एमआईटीएस ने ऑरेंज इंटरनेशनल स्कूल को 10-0 से, द शीष नार्ट ने द ओमनी स्कूल को 2-1 से, जीडी गोयनका ने सिडर्स इंटरनेशनल को 2-0 से, एनडीपीएस ने चोइथराम स्कूल माणिकबाग को 1-0 से तथा डीसी-ए ने किड्स कॉलेज को 5-0 से हराया।

# सिंधी समाजजनों ने किया विभाजन

## विभीषिका पर आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार और इनोवोटिक सोसायटी फार पीपल्स अवेयरवस केयर और एजुकेशन समिति इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं नाटक का आयोजन किया गया। अनमोल परियानी ने कविता पाठ की प्रस्तुति दी। सांसद शंकर लालवानी, पार्षद कंचन गिदवानी, विशाल गिदवानी, राजा माधवानी, डॉ. मनीष देवनानी, मालासिंह ठाकुर, अशोक सचदेव सहित अन्य मौजूद थे। नामिष तलरेजा, राजेंद्र सचदेव, अशोक राजपाल, प्रकाश खेमानी, सरोज भाटिया, निर्मला राजानी, भावना देवनानी, गोविंद रुपानी, कोमल रिझवानी, कमला राजानी, विजय पंजाबी, कैलाश सीतलानी सहित अन्य मौजूद थे।

## महिलाओं की स्वतंत्रता और स्वच्छंदता पर हुआ विचार विमर्श



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक में 'महिलाओं के संदर्भ में स्वतंत्रता या स्वच्छंदता' एवं देशभक्ति गीत विषय पर सार्थक विमर्श हुआ। कई मुद्दों पर चर्चा की गई। आशा मुंशी, संगीता चौहान, करुणा प्रजापति, माधुरी निगम, रश्मि तिवारी, संतोषी यदुवंशी, महिमा शुक्ला, मृदुला शर्मा की मौजूदगी में काव्य पाठ कविता चौहान, डॉ. वंदना मिश्रा, कविता मेहता, गायत्री शर्मा, डॉ. इंदु जैन, सुरभि शुक्ला, जयश्री शर्मा एवं आरती तिवारी ने प्रस्तुत किए।

## गुणानुवाद सभा का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विजय वीररत्नसूरीश्वर म.सा. का गुणानुवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आचार्य देव महाराजा की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर संखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर उपाश्रय तिलक नगर के आयोजन में बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे।

# अधिवक्ता परिषद सदस्यता शुल्क में कोई बदलाव नहीं

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर अभिभाषक संघ, इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि हाल ही में बार कौंसिल आफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा 'एडवोकेट-एक्ट - 1961' में आवश्यक संशोधन करवाने के लिए एडवोकेट्स (अमेंडमेंट) बिल 2026 का एक प्रस्तावित मसौदा विधि-विभाग को भेजा गया है। जिसमें राज्य अधिवक्ता परिषद की सदस्यता ग्रहण करने के लिए एडवोकेट-एक्ट में निर्धारित नामांकन-शुल्क की धनराशि में बढ़ोतरी करने का अनुरोध भी किया गया है। इस सम्बन्ध में सोशल मीडिया पर कुछ भ्रामक जानकारी प्रसारित होने से विधि-स्नातकों में यह अफवाह फैल रही है कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर की सदस्यता ग्रहण करने के लिए निर्धारित नामांकन-शुल्क की धनराशि में बढ़ोतरी हो गई है। लेकिन वास्तव में अभी तक राज्य अधिवक्ता परिषद की सदस्यता ग्रहण करने के लिए निर्धारित नामांकन शुल्क की धनराशि में कोई बदलाव नहीं हुआ है अर्थात नामांकन शुल्क की धनराशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।



# संस्था महेश्वर द्वारा रचनाकारों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था महेश्वर ने प्रेस क्लब में काव्य गोष्ठी का आयोजन कर रचनाकारों का सम्मान भी किया। डॉ. अखिलेश राव, शिशिर उपाध्याय, दिनेश तिवारी उपवन, डॉ. अर्पण जैन अविचल, दामोदर बीरमाल, मनीष पाटीदार, स्वातिसिंह राठौड़, लोकेंद्रसिंह राठौड़, सीमा सिंह, सोनम निनामा, नेहा शर्मा, कल्याणी गुप्ता कृति, शीला चंदन, स्वातिसिंह राठौर, शीला बड़ोदिया, डॉ किरण पांचाल, जय उपाध्याय, तृप्ति मिश्रा, सरला मेहता, तृप्ति शाह, सुनीता श्रीवास्तव, कीर्ति मेहता कोमल, प्राची शर्मा, संजय तराणेकर ने अपनी भूमिका निभाई।

# बास्केटबाल स्पर्धा के फाइनल में हुए रोचक मुकाबले

**इंदौर।** कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट के तत्वावधान में स्थानीय बास्केटबॉल कॉम्पलेक्स में आयोजित 14वीं लेट सुनीता सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को रोमांचक फाइनल मुकाबलों के साथ समापन हुआ। बालक वर्ग में माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल ने एनी बेसेंट स्कूल को 107- 93 के अंतर से पराजित कर विजेता खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल एवं द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल 73-59 से पराजित किया और बालिका वर्ग की विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र हार्डिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि कुलविंदर सिंह गिल, एमआईसी सदस्य नंदू पहाड़िया तथा कैलाश पिपले विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश सिंह ने की। अतिथियों का स्वागत कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट के अध्यक्ष एस.के. बंडी, सचिव लक्ष्मीकांत पटेल, मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अविनाश आनंद, ट्रस्टी सुनील हार्डिया एवं कुलदीप हार्डिया ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया।

## अतिशय क्षेत्र बनेडिया में चातुर्मास स्थापना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुनि श्री 108 अविचलसागर म.सा. की चातुर्मास स्थापना श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बनेडिया में हुई। अनिल-रानी गंगवाल, नरेश गंगवाल, तेजकुमार शाह, कैलाश वेद, वीरेन्द्र बड़जात्या, चेतन बोहरा,देवेन्द्र सोगानी, ऋषभ पाटनी, इन्द्रकुमार सेठी, अनिल जैन को, सुदीप जैन, महावीर बैनाड़ा, प्रमोद पापड़ीवाल, पवन पाटोदी, चन्द्रेश जैन, कमल रावका, अक्षय कासलीवाल, शिरीष जैन, प्रकाश सेठी, दिलीप कासलीवाल, भागचंद छाबड़ा, कमल अग्रवाल, राजेश वेद, मयूर जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# अदविक, प्रकृत, अदविथ का प्री-क्वाटरफाइनल में प्रवेश



**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही अखिल भारतीय चैम्पियनशिप सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए मुख्य दौर के मैच में मध्यप्रदेश के अदविक गोयल, प्रकृत सालवा, अदविथ भार्गव ने अपने अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वाटरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्पर्धा का शुभारम्भ तरूण अग्रवाल, निदेशक, हरिसन्स् डेवलपर्स प्रा. लि. राधिका अग्रवाल, अर्जुन धूपर, सहसचिव, मध्यप्रदेश टेनिस संघ के आतिथ्य में किया गया। समारोह का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया। बालक वर्ग-12 वर्ष आयु के मुख्य दौर में अदविक गोयल (म.प्र.) ने विहान कालानी (म.प्र.) को 8-5 से, प्रकृत सालवा (म.प्र.) ने अरनव चालीसगांवकर को (म.प्र.) 8-4 से, अदविथ भार्गव (म.प्र.) ने वीर सालवा (म.प्र.) को 8-0 से, विहान देवधरे (महा.) ने वियान गोयल (महा.) को 8-2 से, आरव पन्नीकर (महा.) ने अध्यांत गुप्ता (म.प्र.) को 8-1 से, अदविक विनोथ (महा.) ने वेदान्त अग्रवाल (महा.) को 8-0 से हराया।

## सौरव और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली और उनकी पत्नी डोना गांगुली को जान से मारने की धमकी मिलने की खबर सामने आई है। इस सिलसिले में कोलकाता पुलिस के पास औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है। सौरव गांगुली के कार्यालय में हाल ही में दो ऐसे पत्र पहुंचे जिनमें दंपति के अलावा उनके करीबी लोगों को भी नुकसान पहुंचाने की सीधी चेतावनी दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, दादा को पिछले कुछ महीनों से आपत्तिजनक टिप्पणियों वाले पत्र मिल रहे थे। हालांकि, शुरुआती दौर में इन पत्रों को बहुत गंभीरता से नहीं लिया गया था। गांगुली के सचिव के अनुसार पहले ऐसा माना जा रहा था कि यह केवल किसी व्यक्ति की निजी नाराजगी का नतीजा है जो गांगुली को पसंद नहीं करता और अपनी भड़ास निकाल रहा है। लेकिन सोमवार को आए दो नए पत्रों में हत्या की स्पष्ट धमकी मिलने के बाद स्थिति की गंभीरता बढ़ गई।

धमकियों का दायरा बढ़ते देख सौरव गांगुली के दफ्तर की ओर से दक्षिण कोलकाता के ठाकुरपुकुर थाने में मंगलवार को लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई। शिकायत पत्र में बताया गया है कि इन चिट्ठियों को भेजने वाले की पहचान अरुण नाम से हुई है। शुरुआती कड़ियों के आधार पर यह अंदेशा जताया जा रहा है कि इन पत्रों को उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया इलाके से कूरियर के जरिए भेजा गया है।



## तिविषा बनीं एसजीएफआई बैडमिंटन चैंपियन

**इंदौर।** द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल, कैंपस-2, सुपर कॉरिडोर की बैडमिंटन खिलाड़ी तिविषा जैन ने एसजीएफआई इंटर-स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। फाइनल में तिविषा का मुकाबला मांडवी गांधी से हुआ। रोमांचक मुकाबले में तिविषा ने 15-12, 15-14 से जीत दर्ज कर एउइघ इंटर-स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

## अफगानिस्तान ने 2027 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**बेलफास्ट।** अफगानिस्तान ने वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी आयरलैंड को हरा दिया है। बेलफास्ट में लो-स्कोरिंग थ्रिलर देखने को मिला। पहले बैटिंग करने उतरी मेजबान आयरलैंड की पारी 206 रनों पर सिमट गई। 45वें ओवर में अफगानिस्तान ने 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम को मैच में तीन विकेट से जीत मिली। 5 मैचों की सीरीज में इसके साथ ही अफगानिस्तान की टीम 2-0 से आगे हो गई है। एक मैच बारिश में धुल गया। इस जीत ने अफगानिस्तान ने 2027 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करवा दिया है।

**राशिद खान का गेंद और बल्ले दोनों से कमाल-** राशिद खान ने गेंदबाजी में 44 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने टीम के दो प्रमुख बल्लेबाज कैड कारमाइकल के साथ ही हैरी टैक्टर को आउट किया। बल्लेबाजी में 37 रनों की पारी खेलकर उन्होंने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। 36वें ओवर में टीम को 176 रनों पर 7वां झटका लग गया। यहां से राशिद ने यामिन अहमदजई के साथ 31 रनों की नाबाद साझेदारी बनाई। यामिन ने 26 गेंद पर 4 रनों का योगदान दिया तो राशिद ने 29 गेंद पर 26 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का भी अवॉर्ड मिला।



## एसजीएफआई डिस्ट्रिक्ट चेस प्रतियोगिता शुरू

**इंदौर ।** गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल में एसजीएफआई इंटरस्कूल डिस्ट्रिक्ट चेस प्रतियोगिता शुरू हुई । इसमें इंदौर जिले के विभिन्न स्कूलों के 500 से ज़्यादा छात्र हिस्सा ले रहे हैं । प्रतियोगिता का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के सेक्रेटरी और यूनाइट इंदौर चेस क्लब के डायरेक्टर सुनील सोनी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर डायरेक्टर गोपाल अग्रवाल, प्रतियोगिता के कोऑर्डिनेटर अख्तर खान, प्रिंसिपल टी. आर. ब्राउन, स्कूल कोऑर्डिनेटर मेहर पटेल और स्पोर्ट्स डीन डगलस ब्राउन भी शामिल हुए। ज़िला-स्तरीय प्रतियोगिता 10 से 13 अगस्त तक गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की जाएगी। विजेता डिवीज़न-स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफ़ाई करेंगे और उन्हें आगे की प्रतियोगिताओं में इंदौर ज़िले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।



## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैरा बैडमिंटन में राहुल ने जीता कांस्य पदक

**इंदौर।** विगत दिवस ब्राजील के साओपाउला सीटी में 27 जुलाई से 1 अगस्त तक खेली गई ब्राजील पैरा इन्टरनेशनल बैडमिंटन स्पर्धा में ओलम्पस अकादमी के प्रतिभावान पैरा अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी राहुल सिंह विमल ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरुष युगल वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठ खेल प्रतिभा का परिचय दिया । ओलम्पस अकामदमी पहुंचने पर राहुल को अकादमी के वरिष्ठ बैडमिंटन सदस्यों सहित सुधांशु शर्मा, मनीष माहेश्वरी , सुधीर वर्मा बैडमिंटन प्रशिक्षक, सौरभ वर्मा अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पुष्प माला अर्पित कर अभिनंदन किया । इस अवसर पर अकादमी के शटलर्स एवं कोचेस विशेष रूप से उपस्थित थे । उक्त जानकारी देते सुधीर वर्मा बैडमिंटन प्रशिक्षक ने बताया कि म.प्र के राहुल सिह विमल ने पुरुष युगल वर्ग (एसयु-5 )में कांस्य पदक प्राप्त किया । राहुल सिंह विमल एवं करण की जोड़ी सेमीफाइनल में यशोवर्धन रावनकोले एवं धीरज सैनी से 45 मिनट में 11-21, 21-18, 15-21 से पराजित हुई । राहुल और करण समूह 'अ' में दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में आए ।

## शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के वजन कल

**इंदौर।** अंतर विद्यालय शालेय अंडर 14, 17, 19 वर्ष बालक - बालिका ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 18 अगस्त तक एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के वजन 12 अगस्त को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक किए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रति साथ लाए। प्रतियोगिता की जानकारी हेतु इतिशा जीनवाल, अविनाश राठौर, विकास सिमरैया, आशीष भाटी, मनीष जोशी व नीलम कुलकर्णी से संपर्क कर सकते हैं।

## सीबीएसई वेस्ट जोन योग प्रतियोगिता में सफलता



**इंदौर।** श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई वेस्ट जोन क्लस्टर 12 योग प्रतियोगिता 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सीबीएसई द्वारा योगा प्रतियोगिता का आयोजन मास्टर माइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सारंगपुर, जिला राजगढ़ में किया गया । इस प्रतियोगिता में विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने विभिन्न योग स्पर्धाओं में भाग लेकर शानदार सफलता प्राप्त कर 1 ट्रॉफी, 2 रजत पदक व 7 कांस्य पदक अर्जित किये।

आर्टिस्टिक पेअर इवेंट में ईश्वर नागर एवं सौम्य गौर ने रजत पदक प्राप्त किया। रिदमिक पेअर इवेंट में अनुज सुनेर एवं अक्षद सेन ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम इवेंट में ईश्वर नागर, अनुज सुनेर, सौम्य गौर, हार्दिक एवं अक्षद सेन ने ट्रॉफी व कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं इंडिविजुअल ट्रेडिशनल इवेंट में अनुज सुनेर ने पांचवीं पोजीशन प्राप्त की। विद्यार्थियों की यह उपलब्धियां विद्यालय की योगा प्रशिक्षक भारती शर्मा के मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन, मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

## सानवी, श्रव्या, वंशिका को तैराकी में सफलता



**इंदौर।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल, इंदौर के प्रतिभाशाली तैराकों ने अपनी उत्कृष्ट क्षमता और मेहनत का परिचय देते हुए भोपाल के टेक्नोक्रेट्स इंटरनेशनल स्कूल में 25 से 28 जुलाई तक संपन्न हुई सीबीएसई वेस्ट जोन गर्ल्स तैराकी प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए बालिका 19 वर्ष आयु समूह में सानवी गोयल, श्रव्या दारव्हेकर, वंशिका बडोडे व उम्मेहानी राज ने 4ङ100 मी फ्री स्टाइल रिले बालिका समूह आयु 19 वर्ष में रजत पदक अर्जित किया तथा 4 ङ 100 मी मेडली रिले में भी कांस्य पदक जीता । वहीं सानवी गोयल में 50 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक व 50मी. फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता बालिका आयु समूह 14 वर्ष में शिवांशी व्यास, आध्या अग्रवाल, इरा सोनी व दृष्टि जैन ने 4ङ100 मी फ्रीस्टाइल रिले में रजत पदक और 4ङ100 मी मेडले रिले में भी रजत पदक प्राप्त किया । शिवांशी व्यास ने 200 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक जीता । उपरोक्त सभी बालिकाएं अगले महीने में भोपाल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन सिंधु सुधाकर मेंडके, प्राचार्य विस्टन गोमेज, प्रबंधक डीएम ठोकर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## दर्दनाक हादसा... मौत

# महाकाल दर्शन कर लौट रहे दोस्तों की बाइक डिवाइडर से टकराई, दोनों की मौत

### एक ने मौके पर, तो दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**सांवेर के समीप एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। उज्जैन से महाकाल दर्शन कर मोटरसाइकिल से इंदौर लौट रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। सांवेर पुल के पास अनियंत्रित होकर बाइक सड़क किनारे बने डिवाइडर में जा घुसी। भीषण टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।**

पुलिस के अनुसार, चितावद निवासी आकाश पिता कमलसिंह (26) अपने साथी अन्नू उर्फ अनुराग के साथ मोटरसाइकिल से महाकाल यात्रा पर उज्जैन गया हुआ था। यात्रा पूरी कर लौटते समय सांवेर पुल के समीप अचानक नियंत्रण बिगड़ने से उनकी मोटरसाइकिल तेज रफ्तार में सीधे डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि अन्नू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल आकाश ने इलाज के लिए इंदौर अस्पताल लाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सांवेर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राजस्थान के तस्कर से 6 अवैध पिस्तौल जब्त

### खरगोन से खरीदकर गंगानगर ले जा रहा था हथियार, तीन पर केस दर्ज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

किशनगंज पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए राजस्थान के एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महाराणा प्रताप ब्रिज रोड से आरोपी को छह अवैध पिस्तौल और अतिरिक्त मैगजीन के साथ पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने हथियारों की खरीद-फरोख्त का बड़ा खुलासा किया है, जिसके आधार पर पुलिस ने खरगोन और राजस्थान के दो अन्य तस्करों को भी मामले में आरोपी बनाया है। पुलिस की टीमें फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं।



पुलिस के अनुसार, किशनगंज थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि राजस्थान का एक व्यक्ति हथियारों की खेप के साथ क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने महाराणा प्रताप ब्रिज रोड पर घेराबंदी कर मुकेश कुमार उर्फ मुक्कू पिता विनोद कुमार निवासी ग्राम खोखरा बाली, जिला श्री गंगानगर, राजस्थान को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद बैग से 32 बोर की 6 अवैध पिस्तौल, 3 अतिरिक्त मैगजीन और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। बरामद हथियारों और अन्य सामग्री की कुल कीमत 1 लाख 40 हजार 500 रुपये बताई गई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी मुकेश ने सनसनीखेज खुलासा किया कि वह यह अवैध हथियार गोंगावा खरगोन के रहने वाले सिकलीकर उपकार सिंह चावला से खरीदकर लाया था। वह इन हथियारों की डिलीवरी राजस्थान के श्री गंगानगर निवासी बदमाश सतपाल नायक को देने जा रहा था। आरोपी के खुलासे के बाद किशनगंज पुलिस ने उपकार सिंह चावला और सतपाल नायक को भी मामले में आरोपी बनाया है। पुलिस अब इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना कर रही है ताकि अवैध हथियारों की इस सप्लाई चेन को पूरी तरह तोड़ा जा सके।

# ओंकारेश्वर से लौट रहे युवक की हादसे के बाद मौत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**सिमरोल थाना क्षेत्र के चोरल के पास दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। हादसे के बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर युवक को घर भेज दिया था, लेकिन घर पहुंचते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

सूरज नगर नंदबाग निवासी 32 वर्षीय लोकेश पिता रतन लाल दो दिन पहले ओंकारेश्वर महादेव के दर्शन करने गया हुआ था। वहां से वापस लौटते समय सिमरोल के पास चोरल क्षेत्र में उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई थीं। हादसे के तुरंत बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसकी स्थिति सामान्य बताते हुए डिस्चार्ज कर घर भेज दिया था। बीती रात घर पर अचानक उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई और उसे सांस लेने व असहनीय दर्द की शिकायत होने लगी। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिमरोल थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# सड़क पर फैली मिट्टी से गिरे वाहन चालक





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खंडवा रोड के आईटी पार्क चौराहा पर सड़क पर फैली गीली मिट्टी से वाहन चालक अनियंत्रित हो गए और गिर गए। फिसलन के कारण जब वाहन गिरे तो कुछ लोगों को चोंट भी आई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक महिला भी वाहन अनियंत्रित होने के कारण गिर गई। जिससे उसे चोंट लगी।

## ओटले पर सो रहे युवक को डंडों से पीटा

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में देर रात एक युवक के साथ अकारण मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। दुकान के बाहर ओटले पर सो रहे युवक को दो अज्ञात बदमाशों ने उठाकर गाली-गलौज की और मना करने पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर और आंख के पास गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। एरोड्रम पुलिस के अनुसार, फरियादी जितेंद्र सिसौदिया ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह रात में खाना खाने के बाद संगम नगर स्थित एक दुकान के ओटले पर जाकर सो गया था। देर रात दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और उसे जबरन उठाकर गालियां देने लगे। बदमाशों ने कहा कि यहां क्यों सो रहा है, चल निकल यहां से, हम यहां सोएंगे। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो बदमाशों ने अपने पास रखे डंडे से सीधे उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे आंख के पास गहरी चोट लग गई। इसके बाद आरोपियों ने उस पर तीन-चार डंडे और बरसा दिए। पीड़ित के चिल्लाने पर आसपास हलचल हुई, तो दोनों बदमाश वहां से भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने उसे धमकी दी कि आइंदा यहां पड़ा दिखा तो जान से खत्म कर देंगे।

# अपने घर के कैमरे देख रहे थे तो पड़ोसी के घर में कूदते नजर आ गए बदमाश

### रास्ते में पड़ौसी को फिर दिखे युवक को किया पुलिस के हवाले

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विजय नगर क्षेत्र स्थित सांईकृपा कालोनी में एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। बदमाशों को जब यहां कुछ नहीं मिला तो वे घर में लगे नल ही निकालकर ले गए। पड़ोसी जब अपने घर के कैमरे देख रहे थे तो उसमें बदमाश समीप के घर में कूदते हुए नजर आए। सांईकृपा कालोनी में रहने वाले एक रहवासी ने जब अपने घर के कैमरे खंगाले तो दो युवक पास के मकान में कूदते नजर आए। उन्होने तुरन्त अपने बेटे को कहा कि जाकर पास के मकान में देखो कोई बदमाश घुसे है। इसके बाद जब उनका बेटा पहुंचा तो बदमाश वहां से निकल गए थे। बेटे ने पिता को फोन कर कहा कि बदमाश निकल गए है और उसने उनका पीछा नहीं किया। इसके बाद जब पिता अपने आफिस से घर लौट रहे थे तब स्टार चौराहा के समीप दोनों युवक उन्हें नजर आए। उन्होने उनका पीछा किया और ट्राफिक पुलिस के पास जाकर उन्हें दबोच लिया। चौराहा पर ड्यूटी कर रहे एसआई शैलेन्द्रसिंह, मंडलोई और जवान रवि ने एक बदमाश को पीछा कर दबोचा और क्षेत्रीय पुलिस के सुपुर्द किया।







स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।